

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज ✌ किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -319 जबलपुर, शनिवार 18 जनवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता

## मध्यप्रदेश सरकार आपराधिक कानूनों के जल्द से जल्द शत-प्रतिशत क्रियान्वयन को सुनिश्चित करे

नई दिल्ली-(आरएनएस)।-केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मध्यप्रदेश में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, के महानिदेशक, हृष्टत्रक्क के महानिदेशक और केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में चर्चा के दौरान केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा लाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों की आत्मा, किसी भी मामले में स्त्रङ्कक्र से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक तीन साल में न्याय दिलाने के प्रावधान में है। नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर मध्यप्रदेश सरकार द्वारा अब तक किए गए कार्यों की सराहना करते हुए गृह मंत्री ने शीघ्र नए क़ानूनों को राज्य में शत प्रतिशत लागू करने पर बल दिया।

अमित शाह ने कहा कि आतंकवाद और संगठित अपराध से जुड़ी धाराओं में केस दर्ज करने से पहले पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मामले का मूल्यांकन किया जाना चाहिए। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि निरंतर मॉनिटरिंग होनी चाहिए कि कितने श्वत्रह्म स्त्रङ्कक्र नियमित स्त्रङ्कक्र में बदले गए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए कि छ्वष्टञ्जहृस् के जरिए दो राज्यों के बीच स्त्रङ्कक्र ट्रांसफर किया जा सके। उन्होंने हर जिले में एक से अधिक फोरेंसिक साइंस मोबाइल वैन की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। श्री शाह ने अस्पतालों और जेलों में पर्याप्त संख्या में क्यूबिकल बनाने पर भी जोर दिया ताकि वीडियो कॉन्फ़्रेंसिंग के जरिए साक्ष्य दर्ज कराने में मदद मिल सके। अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में आरोपित ऐसे भगोड़ों के खिलाफ शुरुआत करनी चाहिए जो लंबे समय से देश से फरार हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में ञ्ज का प्रावधान किया गया है जिसके तहत भगोड़े अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। उन्होंने राज्य सरकार से यह भी कहा कि वह ढ्ढष्टछ्वस् के फंड को भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही खर्च करे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पुलिस को पूछताछ के लिए हिरासत में रखे गए लोगों की जानकारी इलेक्ट्रॉनिक डैशबोर्ड पर प्रदान करनी चाहिए, साथ ही जब्ती सूची और अदालतों में भेजे जाने वाले मामलों की जानकारी भी डैशबोर्ड पर रखनी चाहिए।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पैरालम्पिक खिलाड़ी रुबीना और कपिल को अर्जुन अवॉर्ड 2024 से सम्मानित होने पर दी बधाई राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने किया सम्मानित



नई दिल्ली-(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के पैरा शूटर खिलाड़ी रुबीना फ्रांसिस एवं जूडो खिलाड़ी कपिल परमार को देश के प्रतिष्ठित अर्जुन अवॉर्ड 2024 से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई दी है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को नई दिल्ली में जबलपुर की पैरालंपिक खिलाड़ी रूबीना फ्रांसिस और सीहोर के पैरा जूडो खिलाड़ी कपिल परमार को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से प्रदेश और देशवासी गौरवान्वित हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से प्रदेश के खिलाड़ियों को इसी तरह प्रदर्शन तथा प्रतिभा से नए कीर्तिमान स्थापित करने की प्रार्थना की है।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुआ भीषण एक्सीडेंट, दोनों एयरबैग खुल गए

## बाल-बाल बचे फारुक अब्दुल्ला



नई दिल्ली-(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला उस समय बाल-बाल बच गए जब दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर यात्रा के दौरान उनके काफिले का एक वाहन राजस्थान के दौसा जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना तब हुई जब अब्दुल्ला सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर मत्था टेकने के लिए अजमेर जा रहे थे। पुलिस ने कहा कि वह घटना में सुरक्षित बच गया और अजमेर की ओर अपनी यात्रा जारी रखी। पुलिस ने कहा कि जो सुरक्षा वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ, वह फारूक अब्दुल्ला के काफिले की एस्कॉर्ट कार थी, पुलिस ने कहा कि यह दुर्घटना तब हुई जब वह सड़क पर आई नीलगाय से टकरा गई। इस हादसे में दिल्ली पुलिस की गाड़ी आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और ड्राइवर और कंडक्टर साइड के एयरबैग भी खुल गए। जिसके कारण कार में लोग बाल-बाल बच गए। हालांकि इस हादसे में दिल्ली पुलिस के दो जवान घायल हुए हैं जिन्हें तत्काल दौसा जिला अस्पताल लाया गया लेकिन हल्की चोटें होने के कारण उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। एस्कॉर्ट गाड़ी में बैठे एक और अन्य जवान को हल्की चोट लगी थी। इससे पहले 2019 में मध्य कश्मीर के मगाम में फारूक अब्दुल्ला के काफिले में शामिल एक वाहन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद घायल व्यक्ति को आवश्यक उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल ले जाया गया।

## विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह नर्मदापुरम में होगा सम्पन्न





भोपाल। आज दिनांक 17 जनवरी 2025 को 22 विचित्र विला प्रोफेसर कॉलोनी भोपाल में विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह समिति की बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बैठक की शुरूआत स्वर्गीय विचित्र कुमार सिन्हा जी एवं स्वर्गीय श्रीमती शिवरानी देवी जी के फोटो पर माल्यार्पण करके एवं दीपप्रज्जवलन करके किया गया । बैठक में विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह

### विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह की बैठक सम्पन्न

समिति के सचिव श्री के.के.सक्सेना जी ने निरंतर 29 वर्षों से भोपाल में होने वाले समारोह का आयोजन नर्मदापुरम में किये जाने एवं नर्मदापुरम में उक्त समारोह की एक अलग से समिति बनाने का प्रस्ताव रखा।

उक्त प्रस्ताव का समर्थन करते हुए विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समिति समारोह भोपाल के अध्यक्ष एडवोकेट श्री साजिद अली एवं समिति के अन्य सदस्यों ने समर्थन किया। साथ ही उक्त समारोह को 14 फरवरी 2025 को नर्मदापुरम में भव्यता के साथ कराने हेतु सहमति प्रकट की। उक्त बैठक में विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह के अध्यक्ष एडवोकेट श्री साजिद अली, सचिव श्री के.के. सक्सेना, श्री महेश सक्सेना, श्री ललित जैन, श्री जी.के. छिब्बर, श्री आई.बी.शास्त्री, श्वेता पंड्या, श्री राजकुमार वर्मा, श्री उमेश राव घोलप, श्री राकेश श्रीवास्तव, श्री अशोक कुमार सोनी, दैनिक क्षितिज किरण के निर्देशक श्री विलक्षण सक्सेना,श्री वात्सल्य जैन, श्री राजेश मोहनियां, श्री निर्भय मीणा, संदीप पंडा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

दिल्ली के लिए बीजेपी ने खोला वादों का पिटारा

## महिलाओं को 2500 प्रतिमाह, एलपीजी सिलेंडर पर 500 की सब्सिडी



नई दिल्ली-(आरएनएस)। जेपी नड्डा ने कहा कि दिल्ली में जो जन कल्याण की योजनाएं चल रही हैं, वो सारी योजनाएं भाजपा की सरकार बनने पर भी जारी रहेंगी। उन सभी योजनाओं का ज्यादा कारगर तरीके से सुदृढ़ीकरण किया जाएगा और उन्हें भ्रष्टाचार से मुक्त भी किया जाएगा।

हमने गरीब कल्याण, सुशासन, गुड गवर्नेंस, महिला सम्मान, विकास, युवाओं और किसानों का सशक्तिकरण और मजदूर वर्ग को मुख्य धारा में लाने को अपना बनाया और आज मुझे खुशी है कि नीति आयोग के अनुसार 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल आए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नई दिल्ली में दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र भाग - ढ्ढ लॉन्च किया। जेपी नड्डा ने कहा कि आज जो बिंदु मैं रखने वाला हूं, ये विकसित दिल्ली का आधार रखने वाले हैं। दिल्ली को किस तरह से आगे बढ़ाया जाए, उन बिंदुओं पर आज हम चर्चा करेंगे। मेनिफेस्टो पहले भी आते थे, लेकिन आप भी भूल जाते थे और राजनीतिक पार्टियां भी भूल जाती थी कि उन्होंने क्या कहा था। लेकिन ये राजनीतिक संस्कृति का परिवर्तन है कि आज मेनिफेस्टो संकल्प पत्र में परिवर्तित हो गया है।

### दिल्ली में ट्रांसजेंडर बनकर रह रहे बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा गया

नई दिल्ली-(आरएनएस)। एक दशक पहले कथित तौर पर घुसपैठ कर भारत आये एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया; जो ट्रांसजेंडर का वेश धारण कर रह रहा था। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान एममी खान के रूप में हुई है, जिसे हिरासत में लेकर निर्वासित कर दिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस को पश्चिमी दिल्ली के विकास पुरी इलाके में 'ट्रांसजेंडर' के एक समूह की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सूचना मिली

## इमरान खान को अल कादिर ट्रस्ट मामले में 14 साल, पत्नी बुशरा बीबी को भी 7 साल की जेल

इस्लामाबाद.(आरएनएस)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अल कादिर ट्रस्ट केस में अदालत द्वारा 14 साल की सजा सुनाई गई है जबकि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को सात साल की सजा दी गई है.

अदालत ने दोनों पर आर्थिक जुर्माने भी लगाए हैं. इमरान खान पर 10 लाख रुपए और बुशरा बीबी पर 5 लाख रुपए का जुर्माना ठहराया गया है. यदि निर्धारित राशि का भुगतान नहीं किया गया तो छह महीने अतिरिक्त कारावास की सजा भी दी जाएगी. इस फैसले के तुरंत बाद बुशरा बीबी को अदालत से ही गिरफ्तार कर लिया गया.



पाक अखबार डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह मामला बहिृया टाउन से संबंधित जमीन और धन लेन-देन के आरोपों से जुड़ा है. आरोप लगाये गए कि इमरान खान ने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान बहिृया टाउन लिमिटेड से अरबों रुपये और सैकड़ों कनाल जमीन हासिल की थी, जिसके चलते उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया. अदालत ने इन आरोपों की सत्यता को मानते हुए दोनों को दोषी ठहराया.

इस ऐतिहासिक फैसले ने पाकिस्तान के राजनीतिक परिदृश्य में गंभीर हलचल मचा दी है. इमरान खान, जो पिछले 18 महीनों से अडियाला जेल में बंद हैं, पर यह फैसला उनके राजनीतिक भविष्य पर भी प्रभाव डाल सकता है. मामले से संबंधित आगे की अपील प्रक्रिया और कानूनी कार्यवाहियों पर नजर रखी जा रही है.

प्रदेश के 15 लाख 63 हजार हितग्राही होंगे लाभान्वित

## प्रधानमंत्री मोदी स्वामित्व योजना में वितरित करेंगे सम्पत्ति कार्ड



भोपाल (आरएनएस) प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 18 जनवरी को मध्यप्रदेश के 15 लाख 63 हजार से अधिक हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत ई.वितरण कार्यक्रम में सम्पत्ति कार्ड वितरित करेंगे। साथ ही योजना के लाभार्थी कार्ड.धारकों के साथ वर्चुअल संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉण् यादव सिवनी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम होगाए जिसमें केन्द्रीय मंत्रीए प्रदेश के मंत्रीगणए सांसद और

### मुख्यमंत्री डॉ.यादव सिवनी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में होंगे शामिल

विधायक सहभागिता करेंगे। स्वामित्व योजना प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की आबादी भूमि पर ;25 सितम्बरए 2018 के पूर्वद्ध निवासरत व्यक्तियों को अधिकार अभिलेख प्रदान करने की योजना है। इसका प्रारंभ 7 जुलाईए 2020 को किया गया। योजना अंतर्गत प्राप्त अधिकार अभिलेखों का प्रयोग हितग्राहियों द्वारा बैंक से ऋणए सम्पति को बंधक रखने तथा सम्पति को विक्रय करने में किया जा सकता है। प्रदेश में कुल आबादी क्षेत्रों में सर्वेक्षित निजी सम्पतियों की संख्या लगभग 45ण्60 लाख अनुमानित है। इसमें से लगभग 39ण्63 लाख निजी सम्पतियों का कार्य पूर्ण किया जा चुका हैए जो निर्धारित लक्ष्य का 88 प्रतिशत है। अभी तक अधिकार अभिलेख वितरण के कार्यक्रम में 24 लाख निजी अधिकार अभिलेखों का वितरण किया जा चुका है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा 18 जनवरी को 15ण्63 लाख से अधिक हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख ;ई.सम्पत्ति कार्डद्ध वितरित किये जायेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण होगा। जिलों में प्रतिभागियों के लिये प्रशिक्षण.सह.अभिविन्यास सत्र होगाए जिसमें स्वामित्व योजना और मेरी पंचायत ऐप का उपयोगए पंचायत राज संस्थाओं से संबंधित विषय शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव सिवनी जिले में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुनाए केन्द्रीय मंत्री डॉण् वीरेन्द्र कुमार टीकमगढ़ए केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर धारए स्पीकर विधानसभा श्री नरेन्द्र सिंह



तोमर मुरैनाए उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा देवासए उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल रीवाए जनजातीय कार्यए लोक परिसंपत्ति प्रबंधनए भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉण् कुंवर विजय शाह रतलामए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल मंडला पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्ध श्री लखन पटेल विदिशाए मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास मंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्ध श्री नारायण सिंह पवार रायसेन के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## राहुल गांधी देर रात एम्स पहुंचे, फुटपाथ पर सो रहे मरीजों का जाना हाल, शिकायतें भी सुनी

नई दिल्ली-(आरएनएस)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी गुरुवार रात अचानक दिल्ली के एम्स पहुंचे. यहां उन्होंने एम्स के पास सड़कों, फुटपाथ और सबवे पर सो रहे मरीजों और उनके परिवारों से मुलाकात की. इस दौरान राहुल गांधी ने केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों पर मरीजों के प्रति असंवेदनशीलता दिखाने का आरोप लगाया. इसके अलावा उन्होंने मरीजों की शिकायतें भी सुनी.



कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, नेता विपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली एम्स के बाहर मरीजों और उनके परिवार से मुलाकात की. दूर-दराज से इलाज के लिए आए लोग यहां सड़कों, फुटपाथ और सबवे पर सोने को मजबूर हैं. मोदी सरकार और दिल्ली की सरकार ने इन्हें अपने हाल पर छोड़ रखा है. अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रखा है.

इलाज के लिए महीनों का इंतजार, असुविधा और सरकार की असंवेदनशीलता- ये आज दिल्ली एम्स की सच्चाई है. हालात ये हैं कि अपनों की बीमारी का बोझ लिए दूर-दराज से आए लोग इस ठिठुरती सर्दी में फुटपाथ और सबवे पर सोने को मजबूर हैं. राहुल गांधी ने इलाज का इंतजार करते उन मरीजों से मुलाकात कर उनसे बात की और उनकी परेशानियां सुनीं.




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना गोरखपुर में रात्रि पुनीत गुप्ता उम्र 35 वर्ष निवासी सदर बजार केंट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम लगभग 5-35 बजे वह अपने घर से गोरखपुर एमआर कोठारी शोरूम के पास अपने टू व्हीलर एक्सिस से कुछ सामान खरीदने गया था और गाड़ी में ही अपना मोबाइल वन प्लस कम्पनी का रख दिया था सामान खरीदकर वापस आया तो उसका मोबाइल गाड़ी मे नहीं था कोई अज्ञात चोर उसका मोबाइल कीमती लगभग 15 हजार रूपये का चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 303( 2 ) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# बाइकों में सीधी भिड़ंत, 3 की मौत, 1 घायल

**तिलवारा थाना क्षेत्र के ग्राम घुंसौर में हुआ हादसा**



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** । तिलवारा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम घुंसौर में बुधवार की रात दो बाइकों में सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों में सवार 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 3 की मौत हो गई, वहीं एक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे इलाज के लिए मेडिकल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर मामला दर्ज कर पुलिस ने शव पीएम कराने के बाद गुरुवार को परिजनों को सौंपे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिवनी के ग्राम धूमा स्थित रायचौर में रहने वाला रंजीत कुलस्ते उम्र 20 वर्ष, गाँव के ही राम भरोसे के साथ बुधवार को बाइक से तिलवाराघाट में आयोजित मेला घूमने के लिए आया था। मेला घूमने के बाद रात में दोनों अपने गाँव वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे ग्राम घुंसौर के पास पहुँचे सामने से दूसरी बाइक पर जोधपुर पड़ाव निवासी लक्ष्मण गोंड उम्र 19 वर्ष और संदीप बरकड़े उम्र 18 वर्ष आ रहे थे। दोनों बाइकों की रफ्तार तेज होने के कारण टक्कर होते ही दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए व दोनों बाइकों में सवार युवक बाइक से उछलकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आवाज सुनकर दौड़े राहगीर बाइकों के टकराते ही जोरदार आवाज हुई जिसे सुनकर ग्रामीण मदद को दौड़े और 108 एम्बुलेंस बुलाकर सभी घायलों को इलाज के लिए मेडिकल पहुँचाया। अस्पताल में परीक्षण उपरांत चिकित्सकों ने घायल रंजीत कुलस्ते, लक्ष्मण गोंड व संदीप बरकड़े को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस टीआई ब्रजेश मिश्रा ने बताया कि हादसे की सूचना पाकर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची, वहाँ पर क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी दोनों बाइकों को जब्त कर थाने पहुँचाया गया। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना की जाँच की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना

**जबलपुर-** थाना कटंगी में दामोदर पटैल उम्र 57 वर्ष निवासी ग्राम बोरीकला कुआखेड़ा दमोह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है आज वह एंव उसका बेटा भागचंद तथा साथ में काम करने वाले संदीप साहू, तरूण प्रजापति , जगमोहन दुबे, जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा के साथ मजदूरी करने दमोह से कुलुआ बस से आये थे ग्राम पड़रिया तिराहा के पास उतरकर कुलुआ तरफ पैदल जा रहे थे जैसे ही पड़रिया तिराहा से पैदल जाते समय तिराहा के थोड़ी आगे पहुँचे दोपहर लगभग 2-30 बजे कटंगी तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 49 सी 3250 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये पीछे से उसके लड़के भागचंद एवं साथ मे काम करने वाले तरूण प्रजापति, जगमोहन दुबे, जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा को टक्कर मार दिया

# किसान को मृत बताकर करोड़ों रुपए की जमीन पर किया कब्जा, ऐसे सामने आया फर्जीवाड़ा, पटवारी सहित 5 पर प्रकरण दर्ज



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित ग्राम पिपरिया चरगवां में पटवारी का कारनामा अब चर्चा का विषय बना हुआ है. यहां पर पटवारी ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए किसान हल्के प्रसाद गौड़ को मृत बताकर जमीन हड़प ली. यह सारा खेल पटवारी राजेन्द्र कुंजे ने गांव के चार लोगों के साथ मिलकर किया है. बताया गया है कि ग्राम पिपरिया चरगवां में रहने वाले पटवारी राजेन्द्र कुंजे ने मुख्तारसिंह गौड़, उसके भाई अठई, रामप्रसाद व रिश्तेदार हाकम सिंह के साथ मिलकर किसान हल्के प्रसाद का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार किया. इसके आधार पर 14 एकड़ जमीन को चारों के नाम करा लिया गया, इसके बाद यहां पर खेती भी शुरु कर दी गई. कुछ दिन बाद करेली जिला नरसिंहपुर निवासी हल्के प्रसाद की पत्नी शांतिबाई जब जमीन का नामांतरण कराने के लिए चरगवां पहुंची तो पता चला कि उक्त जमीन वर्ष 2016 में गांव के मुख्तार सिंह सहित अन्य के नाम पर हो चुकी है. शांतिबाई ने परिजनों की मदद से चरगवां थाना पहुंचकर पुलिस को घटनाक्रम की जानकारी दी. पुलिस ने मामले की जांच की तो यह साफ हुआ कि पटवारी व चार अन्य ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पी है. चरगवां थाना पुलिस ने जांच के बाद सभी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया.

# मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना गढ़ा में सुबह दुर्गेश राजभर उम्र 21 वर्ष निवासी आर्य समाज मंदिर के पास गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है आज रात लगभग 12-10 बजे वह, अंशुल रैकवार, मोनू ठाकुर सोनू मसराम के घर के पास मदनमहल महेशपुर रिलायंश फ्रेंस के पास मेन रोड़ पर बैठकर आग ताप रहे थे तभी वहां अनुज केवट, आदर्श केवट एवं सूजल आये और बोले कि यहां क्या कर रहे हो तो उसने कहा कि आग ताप रहे हैं, अनुज केवट बोला हम लोगों को पार्टी करना है शराब पीने के लिये 2 हजार रूपये दो, हम लोग अंशुल केवट के गैंग से हैं अंशुल केवट यहां का बास है , उसने पैसे देने से मना किया तो अनुज केवट, आदर्श केवट, सूजल हम लोगों को गाली गलौज करने लगे, हमलोगों ने गालियां देने से मना किया तो अनुज केवट ने चाकू से हमला कर दिया जिससे उसके हाथ की उंगलियों में चोट आयी आदर्श केवट ने चाकू से वायें हाथ की कोहनी तथा दाहिने हाथ की कलाई में चोट पहुॅचा दी सूजल ने हाथ मुक्कों से मारपीट की झूमाझपटी मे उसे गर्दन के पास छिल गया है तथा पीठ में भी चोट आई है तीनों जान से मारने की धमकी दिये तथा हम लोगों की 2 पहिया गाड़ियों में तोड़फोड़ कर नुकसान किये।

## प्राणघातक हमला करने वाले आरोपियों की तलाश

जबलपुर.- थाना लार्डगंज में दिनेश पटैल उम्र 38 वर्ष निवासी जगदीश मंदिर गढाफाटक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि भंवरताल गार्डन के सामने चाय नास्ता की दुकान लगाता है दिनांक 15-1-25 को दुकान बंद करके अपने अपने घर जा रहा था रात लगभग 9-30 बजे अपने घर के पास पहॅुचकर खड़ा था तभी शिवम सेन, सत्यम सेन आये और उसको देखकर कहने लगे कि यहां क्यों खड़ा है तो उसने कहा कि घर जा रहा हूॅं इसी बात पर गाली गलोज करने लगे उसने गालियां देने से मना

# सड़क निर्माण के दौरान मिला बैटरी से कनेक्टेट बम, काम छोड़कर भागे मजदूर, पुलिस ने जब्त किया





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित पाटन के वार्ड नम्बर एक में आज उस वक्त हड़कम्प मच गया. जब सड़क निर्माण के दौरान श्रमिकों ने बैटरी से कनेक्टेट बम देखा. डिब्बे में बम को देखते हुए मजदूर काम छोड़कर दूर हो गए. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी पहुंच गए, जिन्होने बम को जब्त कर लिया. बम में मिलने की खबर से क्षेत्रीय लोगों की भीड़ एकत्र हो गई थी. जिन्हे बीच तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त रही. बताया गया है कि नगर परिषद पाटन के वार्ड नंबर एक में नई सड़क का निर्माण कार्य चल रहा था. आज पूर्वान्ह 11 बजे के लगभग जब मजदूर सड़क की खुदाई कर रहे थे. इस दौरान एक मजदूर की गेती जमीन में किसी लोहे के डिब्बे से टकरा गई. डिब्बे पर छेद हो गया और वह खुल गया. श्रमिक ने करीब जाकर देखा तो एक बैटरी रखी हुई है, जो रस्सी से लिपटी है बैटरी के साथ सेल व बारुद भी बंधा है. बैटरी के साथ सेल व भारी मात्रा में बारुद देख मजदर घबरा गए, उन्होने लगा कि कोई शक्तिशाली बम हो सकता है. बम मिलने की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई, देखते ही देखते लोगों की भीड़ एकत्र हो गई. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी भी मौकेपर पहुंच गए, यहां तक कि पुलिस का बम स्क्वाड भी आ गया. बम को उठाकर देखा तो उसपर 900 वॉट शक्तिशाली बम लिखा था.

पुलिस ने उक्त बम को जब्त कर लिया. घटना के बाद सड़क निर्माण का काम बंद करा दिया गया था. अब पुलिस ने जांच शुरु कर दी है कि आखिर रोड के नीचे डिब्बे में बम किसने रखा है.

# 18 जनवरी को 04 कुम्भ स्पेशल गाड़ियाँ पमरे से गुजरेंगी

जबलपुर। रेल प्रशासन द्वारा महाकुम्भ मेला के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली 43 जोड़ी विशेष रेल गाड़ियों के संचालन से कुल मिलाकर 211 फेरों की सेवाएँ महाकुम्भ मेले के लिए दी जा रही हैं ढ्ढ इन ट्रेनों में से दिनांक 18 जनवरी को पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है ः

1. वापी से गया कुम्भ स्पेशल ट्रेन ः-

गाड़ी संख्या 09017 वापी - गया कुम्भ स्पेशल ट्रेन दिनांक 18.01.2025 को अपने प्रारंभिक स्टेशन वापी से सुबह 08.20 बजे प्रस्थान कर अन्य स्टेशन होते हुए रात्रि 22.55 बजे इटारसी, अगले दिन 19 जनवरी को रात्रि 02.40 बजे जबलपुर, 03.50 बजे कटनी, 04.38 बजे मैहर, 06.20 बजे सतना, 08.40 बजे मानिकपुर, 10.25 बजे प्रयागराज छिवकी स्टेशन होते हुए गंतव्य स्टेशन गया को जायेगी ढ्ढ

(कुम्भ मेला प्रयागराज से वापसी की ट्रेनें) ः-

2. गया से वापी कुम्भ स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 09018 गया - वापी कुम्भ स्पेशल ट्रेन दिनांक 17.01.2025 को अपने प्रारंभिक स्टेशन गया से रात्रि 22.00 बजे प्रस्थान कर अन्य स्टेशन होते हुए अगले दिन 18 जनवरी को सुबह 05.50 बजे प्रयागराज छिवकी, 08.55 बजे मानिकपुर, 12.20 बजे सतना, 12.53 बजे मैहर, 13.40 बजे कटनी, 14.40 बजे जबलपुर एवं 20.50 बजे इटारसी स्टेशन होते हुए गंतव्य स्टेशन वापी को जायेगी ढ्ढ

3. मऊ से पुणे कुम्भ स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 01456 मऊ जं. - पुणे कुम्भ स्पेशल ट्रेन दिनांक 17.01.2025 को अपने प्रारंभिक स्टेशन मऊ जं. से रात्रि 23.50 बजे प्रस्थान कर अन्य स्टेशन होते हुए अगले दिन 18 जनवरी को सुबह 09.10 बजे प्रयागराज छिवकी, 12.18 बजे मानिकपुर, 13.50 बजे सतना, 14.23 बजे मैहर, 15.00 बजे कटनी, 17.00 बजे जबलपुर, 18.18 बजे नरसिंहपुर, 19.23 बजे पिपरिया एवं 22.30 बजे इटारसी स्टेशन होते हुए गंतव्य स्टेशन पुणे को जायेगी ढ्ढ

4. गोमती नगर से मद्रास कुम्भ स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 06002 गोमती नगर - मद्रास कुम्भ स्पेशल ट्रेन दिनांक 18.01.2025 को अपने प्रारंभिक स्टेशन गोमती नगर से सुबह 03.45 बजे प्रस्थान कर अन्य स्टेशन होते हुए समय 14.20 बजे प्रयागराज छिवकी, 17.00 बजे मानिकपुर, 18.05 बजे सतना, 18.38 बजे मैहर, 19.25 बजे कटनी, 21.00 बजे जबलपुर एवं अगले दिन 19. जनवरी को रात्रि 00.25 बजे नैनपुर जं. स्टेशन होते हुए गंतव्य स्टेशन मद्रास को जायेगी

## सड़क दुर्घटना

**जबलपुर** -थाना कटंगी में दामोदर पटैल उम्र 57 वर्ष निवासी ग्राम बोरीकला कुआखेड़ा दमोह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है आज वह एंव उसका बेटा भागचंद तथा साथ में काम करने वाले संदीप साहू, तरूण प्रजापति , जगमोहन दुबे, जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा के साथ मजदूरी करने दमोह से कुलुआ बस से आये थे ग्राम पड़रिया तिराहा के पास उतरकर कुलुआ तरफपैदल जा रहे थे जैसे ही पड़रिया तिराहा से पैदल जाते समय तिराहा के थोड़ी आगे पहुॅचे दोपहर लगभग 2-30 बजे कटंगी तरफसे आ रही

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.**

**निविदा सूचना तृतीय**

N.I.T. NO. / PWD-16/PRO N0. 512 Date 17/01/ 2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptenders.gov.in की पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD 396265_1 Date: 27/1/25 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड अंतर्गत गनी मारस्टर के घर से मुन्ना पल्लेदार के सामने सड़क का सीमेण्टीकरण कार्य। (अन्य मद) | 04 माह<br>4.43 लाख | रू. 2,000/-<br>4439/- | 03.02.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की www.mptenders.gov.in की बेवसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया

**कार्यपालन यंत्री , लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 344 दिनांक 16.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री अमित कुमार नोगरैया, पिता- स्व. श्री गोविन्द प्रसाद, 2. श्री अभिषेक नोगरैया, पिता- स्व. श्री गोविन्द प्रसाद नोगरैया** ने मकान नं. प्लाट नं. 31 , सम्पत्ति पिन नं. 1000603815, **वार्ड विवेकानंद वार्ड ,** क्षेत्रफल 1200 व.फु., भूतल 1100 व.फु., प्रथमतल 1100 व.फु., ...................., के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 345 दिनांक 16.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्रीमती निर्मला सेन, पति- स्व. श्री अनूप सेन, 2. पुत्री - अपराजिता, पिता- स्व. श्री अनूप सेन,** ने मकान नं. 1486/1 , सम्पत्ति पिन नं. 1000495784, **वार्ड मदन महल वार्ड ,** क्षेत्रफल 3000 व.फु., भूतल 1131 व.फु., प्रथमतल 987 व.फु., द्वितीयतल 450 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/280/ दिनांक 17.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री देवकुमार बावरिया, पिता- स्व. श्री गणेश प्रसाद बावरिया** ने भवन क्रमांक. 415 **वार्ड शंकर शाह नगर वार्ड ,** भूतल 1400 व.फु., प्रथमतल 730 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक. 415 **वार्ड शंकर शाह नगर वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री गनेश प्रसाद बावरिया/ स्व. श्री रामजी बावरिया के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/263 2024-25 दिनांक 17/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000504750** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती चन्दा जैन एवं बसंत कुमार नायक** के स्थान पर आवेदक **श्री सुधीर कुमार जैन, पिता- स्व. श्री केवनचंद जैन** ने **मकान नं. 1050/1 का भाग वार्ड क्र.-.14,.......... वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 1095 व.फु., भूतल 810 व.फु., **दस्तावेज- रिलीजडीड,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/262 2024-25 दिनांक 17/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000506009** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री भोजराज सेन** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती संजू गुप्ता, पति श्री सुनील कुमार गुप्ता** ने **मकान नं. 501/1 वार्ड क्र.-.14,.......... वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 218 व.फु., भूतल 218 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/261 2024-25 दिनांक 17/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000508743** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री वीरेन्द्र पाल सिंह, पिता- श्री दीदार सिंह** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती हरजिन्दर कौर निझावन, पति- स्व. श्री विरेन्द्र पाल सिंह एवं श्रीमती इश्प्रीत कौर, पति- मनदीप सिंह** ने **मकान नं. सी-103 वार्ड क्र.-.12,.......... वार्ड,** प्रथमतल 820 व.फु., **दस्तावेज- शपथपत्र मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/259 2024-25 दिनांक 17/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000621779** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री भागरथी परमार** के स्थान पर आवेदक **कु. अभिलाषा गुप्ता, पिता- श्री नीलमणी गुप्ता** ने **मकान नं. 715 वार्ड क्र.-.10,.......... वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 1200 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/260 2024-25 दिनांक 17/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000510455** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री अरविंद सप्रे, पिता- स्व. श्री गोविंद सप्रे** के स्थान पर आवेदक **श्री मिलिंद सप्रे, पिता- स्व. श्री गोविंद सप्रे एवं श्रीमती शिल्पा सप्रे, पति- श्री मिलिंद सप्रे** ने **मकान नं. 1200 वार्ड क्र.-.13,.......... वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 2400 व.फु., भूतल 1103 व.फु., प्रथमतल 17 व.फु., **दस्तावेज- शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/257 2024-25 दिनांक 15/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000620916** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री अनिल जायसवाल एवं दीपक जायसवाल, दोनों के पिता- श्री पन्ना लाल जायसवाल** के स्थान पर आवेदक **श्री सुनील कुमार रामचन्दानी, पिता श्री शामनदास रामचन्दानी एवं श्रीमती कोमल रामचंदानी, पति- श्री सुनील कुमार रामचंदानी** ने **मकान नं. 442/ प्लाट 31 का भाग वार्ड क्र.-.10,.......... वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 900 व.फु., भूतल 700 व.फु., प्रथमतल 700 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/258 2024-25 दिनांक 17/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000621779** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री भागरथी परमार** के स्थान पर आवेदक **श्री संदीप जैन, पिता- श्री पद्म जैन** ने **मकान नं. 715 वार्ड क्र.-.10,.......... वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 1200 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/255 2024-25 दिनांक 15/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000621004** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री सुरेन्द्र सिंह चित्तोडिया** के स्थान पर आवेदक **श्री अमित चित्तोडिया, पिता- स्व. श्री सुरेन्द्र सिंह चित्तोरिया** ने **मकान नं. 1158 वार्ड क्र.-....., गुप्तेश्वर वार्ड,** भूतल 1386 व.फु., **दस्तावेज- मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/256 2024-25 दिनांक 15/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **100050821** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री सीता राम सेठी** के स्थान पर आवेदक **1. श्री संजीव सेठी, 2. श्री रजनीश सेठी, दोनों के पिता- स्व. श्री सीताराम सेठी** ने **मकान नं. 1889 वार्ड क्र.-....., जार्ज डिसिल्वा वार्ड,** भूतल 1300 व.फु., प्रथमतल 1300 व.फु., द्वितीयतल 200 व.फु., **दस्तावेज- वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**



भोपाल ( आरएनएस ) उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में 12वीं में हिंदी विषय न पढ़ने वाले अभ्यर्थियों के चयन में आई विसंगतियों का संज्ञान लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि इंडियन नर्सिंग काउंसिल के मानकों के अनुरूप आवश्यक प्रावधान कर इस समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को समय पर प्रवेश मिल सके। उन्होंने फार्मेसी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने केलिए फार्मेसी काउंसिल के नियमों में आवश्यक सुधार करने के निर्देश भी दिए।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव दिल्ली में नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा में हुए शामिल

# केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने म.प्र.में लागू ई-समन प्रणाली की सराहना की

### मुख्यमंत्री प्रतिमाह करेंगे प्रदेश में नए कानूनों के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा




भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के कार्यालय में मध्यप्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित प्रावधानों के क्रियान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई।

केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने प्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि ई-समन प्रणाली लागू करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। इस नई व्यवस्था के लिए केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने प्रदेश की सराहना की और अन्य राज्यों को इसका अनुसरण करने की सलाह दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए वृहद स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आगामी दो वर्षों में पुलिस बल में फॉरेंसिक साइंस के विशेषज्ञों की भर्ती और ट्रेनिंग का काम चरणबद्ध रूप से पूरा किये जाने का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में नए कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत आधुनिक संसाधनों के प्रयोग से इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के आधार पर प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जा रहा है। इसके द्वारा न्याय प्रक्रिया आसान हुई है, पुलिस का समय बच रहा है और चिकित्सकों की असुविधा कम हुई है। एक ओर जहां जेल से बंदियों को लाने-ले-जाने में पुलिस बल की असुविधा कम हो रही है, वहीं दूसरी ओर जनता को कम समय में न्याय मिल रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह को बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रतिमाह और मुख्य सचिव प्रत्येक 15 दिन में नए कानूनों के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन और पुलिस महनिदेशक श्री कैलाश मकवाना सहित राज्य और केंद्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# राहुल गांधी मानसिक दिवालिया हो गए हैं : शिवराज सिंह चौहान



भोपाल (आरएनएस)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी मानसिक दिवालिया हो गए हैं।

शिवराज सिंह चौहान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राहुल गांधी मानसिक दिवालिया हो गए हैं, उनकी मानसिक आयु शून्य है। राहुल गांधी हम भारत माता के लिए प्राण न्योछावर कर सकते हैं और आपको इस विचार से ही नफरत है। आप भारत और भारतीयता को कभी समझ नहीं पाएंगे।

ज्ञात हो कि आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने बीते दिनों कहा था कि राम मंदिर बनने के बाद भारत को सच्ची स्वतंत्रता मिली थी। इस पर राहुल गांधी ने कहा था कि मोहन भागवत ने जो कहा है वह राजद्रोह के समान है, क्योंकि उनका मतलब है कि अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई अवैध है, संविधान अवैध है। किसी दूसरे देश में तो अब तक उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता और उन पर मुकदमा चलाया जाता।

राहुल गांधी के बयान पर भाजपा नेता हमलावर हैं। भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने मोहन भागवत और आरएसएस को लेकर राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि वास्तव में राहुल गांधी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए, जो विदेशों में जाकर देश की बुराई करते हैं। मेरा ख्याल है कि उनकी मोहन भागवत के बारे कोई टिप्पणी करने की औकात नहीं है।

विजयवर्गीय ने कांग्रेस के परिवारवाद पर तंज कसते हुए कहा था, यह अटल सत्य है कि कांग्रेस के लोग परिवारवाद पर चलते हैं। बहुत से वरिष्ठ लोगों की राजनीतिक हत्या करने के बाद जूनियर-जूनियर गांधी परिवार के लोगों को आगे बढ़ाया जाता है। आजादी के बाद का इतिहास देख लो, इसमें कोई आश्चर्य नहीं लगता कि कांग्रेस भवन का नाम इंदिरा भवन रखा गया, क्योंकि इसके बिना कांग्रेस की दुकान नहीं चल सकती।

## एमपी में शीतलहर का प्रकोप.. कई जिलों में बारिश होने की संभावना, जानें अगले दो दिन कैसा रहेगा मौसम?

भोपाल (आरएनएस)। दिल्ली सहित उत्तर भारत में ठंड का असर जारी है। पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवाएं अपना कहर ढा रही हैं, तो वहीं कई राज्य शीतलहर और कोहरे की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली में आज और कल के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया है। ऐसे में बात करें मध्यप्रदेश की तो वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने के चलते बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटे में ग्वालियर, भिंड, शिवपुरी, दतिया में बारिश होने का अनुमान जताया है। तो वहीं बारिश के लिए भी अलर्ट जारी किया गया है। श्योपुर और मुरैना में आंधी की आशंका है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 2 दिन भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत एमपी के आधे हिस्से में बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। पूरे प्रदेश में 17 जनवरी से तेज ठंड का दौर फिर शुरू होगा। आज भोपाल, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड दतिया, शिवपुरी, निवाड़ी, रीवा, मऊगंज, छतरपुर, पन्ना, कटनी, दमोह, सागर, विदिश, रायसेन, सीहोर, बैतूल, छिंदवाड़ा में हल्की बारिश की संभावना है। पिछले 24 घंटे में भोपाल में 5.4 डिग्री सेल्सियस, जबलपुर में 6.6 डिग्री, ग्वालियर में 8.4 डिग्री, उज्जैन में 8.5 डिग्री और इंदौर में 9.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। पिछले 24 घंटे में सबसे ठंडा सीहोर टेमप्रेचर 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज, शाजापुर के पास गिरवर में 3.9 डिग्री, राजगढ़ में 4.6 डिग्री, पचमढ़ी में 4.7 डिग्री, नौगांव-कल्याणपुर में पारा 5 डिग्री दर्ज किया गया है।

**अब जेपी अस्पताल में कम दरों पर हो सकेगी मरीजों की एमआरआई जांच**

भोपाल, (आरएनएस)। जेपी अस्पताल में मरीजों को कम रेट पर एमआरआई (मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग) जांच की सुविधा की आपचारिक शुरुआत कर दी गई। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने गत दिवस इसका शुभारंभ किया। हालांकि, सुविधा को शुरु हुए पांच दिन बीत चुके हैं। हर रोज दस से 12 मरीजों को एमआरआई स्कैनिंग की सुविधा मिलेगा।

# मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना एक वरदान है -उप मुख्यमंत्री देवड़ा



भोपाल-(आरएनएस)उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार सभी वर्ग के लोगों की चिंता कर उनके जीवन को संवारने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हर माता पिता का सपना होता है कि उनकी बेटी का विवाह बिना किसी चिंता के हो। माता-पिता को पैसे के अभाव में बेटी का विवाह संपन्न कराने में अनेकों परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोगों के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना वरदान साबित हो रही है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा मंदसौर जिले में सामूहिक कन्या विवाह योजना में धुंधडका सामूहिक विवाह सम्मेलन में 51 जोड़ों के आशीर्वाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सामूहिक विवाह में वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए सभी के सुखी वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी। सभी 51 जोड़ों को 5-5 हजार रुपए उपहार राशि भी दी गई। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने सामुदायिक भवन निर्माण कराने का आश्वासन दिया।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धुंधडका में एक्स-रे मशीन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धुंधडका में एक्स-रे मशीन की सुविधा उपलब्ध हो जाने से अब आसपास के लोगों को एक्स-रे की सुविधा प्राप्त होगी। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि आस-पास के गांव वालों को मंदसौर नहीं जाना पड़ेगा, उनको धुंधडका अस्पताल में ही एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेक सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं।

## इंवेस्टर समिट में भाग लेने भोपाल आ सकते हैं पीएम

भोपाल (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24-25 फरवरी को भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में भाग लेने के लिए राजधानी आ सकते हैं। गत दिवस कलेक्ट्रट सभागृह में समिट की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, एडीएम सिद्धार्थ जैन ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की और पीएम की सुरक्षा को लेकर पुलिस से चर्चा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी कार्य समय से पहले पूरे कर लिए जाएं। बता दें भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्राहलय मं 24 से 25 फरवरी तक ग्लोबल इन्वेस्टर समिट प्रस्तावित है। इसमें जापान भी कंट्री पार्टनर के रूप में हिस्सा लेने जा रहा है। साथ ही प्रदश में निवेश के लिए देश-विदेश के नामचीन उद्योगपति शामिल होंगे। इसकी तैयारियों में जिला प्रशासन जुट गया है। कलेक्ट्रेट में हुई बैठक में नगर निगम ओर पीडब्ल्यूडी की सडकों की मरम्मत स्वच्छता और सौंदर्यीकरण आदि का जिम्मा सौंपा गया है। जबकि एमपीटी विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों को भी इसकी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। बैठक में समस्त विभागों के अधिकारी शामिल हुए। कलेक्टर ने एडीएम सिद्धार्थ जैन को कानून व्यवस्था, हरेंद्र नारायण को शहर की सडकें और सौंदर्यीकरण का नोडल अधिकारी बनाया है।

# अब प्रदेश में ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष बनने की चर्चा का दौर जारी

भोपाल (आरएनएस)। भाजपा सूत्रों के अनुसार कुछ दिन पहले चच्रा चली थी कि मप्र भाजपा अध्यक्ष भी ओबीसी वर्ग स`ही बनाया जा सकता है, तब राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार का नाम चर्चा में आया था। नेताओं के अनुसार पाटीदार के चयन से महिला प्रदेश अध्यक्ष का भी कोटा भी पूरा हो जाता और ओबीसी वर्ग का भी लाभ मिला। लेकिन कुछ बड़े नेताओं का मानना है कि ओबीसी मुख्यमंत्री होने के कारण सामान्य वर्ग का अध्यक्ष बनाए जाने की संभावना अधिक है। अगर इस वर्ग की बात करें तो हेमंत खंडेलवाल का नाम संगठन के कुछ लोगों द्वारा आगे बढ़ाया गया है। ये लंबे समय से संगठन में काम कर रहे हैं। इधर, क्षत्रिय वर्ग से चयन की बात आई तो पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया और बृजेंद्र प्रताप सिंह के नाम केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंचाए गए हैं। भदौरिया का मूल रूप से संगठन क्षमता वाला नेता माना जाता है। पहले पार्टी ने उन्हें प्रदेश सदस्यता प्रभारी की जिम्मेदारी भी सौंपी गई थी। ब्राह्मण वर्ग से चयन की बात आई तो डॉ. नरोत्तम मिश्रा को प्रबल दावेदार माना जा रहा है। मिश्रा को कई बड़े नेताओं का भी समर्थन प्राप्त है। इसी कड़ी में भाजपा आदिवासी नेतृत्व पर भी विचार कर रही है। इस वर्ग आदिवासी मोर्चा के अध्यक्ष रहे गजेंद्र सिंह पटैल और फग्गन सिंह कुलस्ते को मोदी कैबिनेट में मंत्री नहीं बनाया गया है। इसीलिए संभावना है कि मप्र में अध्यक्ष बनाकर उनको समायोजित किया जा सकता है। वहीं, गजेंद्र सिंह के साथ अच्छा पक्ष यह है कि वह मालवांचल का प्रतिनिधित्व करते हैं, जहां आदिवासी सीट ज्यादा है और चुनौतियां भी अधिक हैं। प्रदेश में आदिवासी वर्ग की भूमिका सरकार बनाने में अहम होती है। यह वर्ग 2018 से भाजपा के साथ पूरी तरह नहीं है। झारखंड के आदिवासी वर्ग ने भी भाजपा का साथ नहीं दिया। मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के कार्यकाल को पांच वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश भाजपा को विधानसभा चुनाव में बड़ी सफलता मिली और लोकसभा चुनाव में भी पहली बार सभी 29 सीटों पर विजय हासिल हुई। आज जब भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनाने के लिए ओबीसी वर्ग का सहारा ले रही है जबकि इस प्रदेश में दो बार आदिवासी समाज के नेता फग्गन सिंह कुलस्ते दो बार प्रदेशाध्यक्ष बनने के लिए उत्साहित रही लेकिन हर बार भाजपा की गुटबाजी ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष नहीं बनने दिया। आज भी वह प्रदेशाध्यक्ष बनने का सपना संजोए हुए हैं?

## ऊर्जा निगम में सहायक यंत्रियों की पदपूर्ती करें-मंत्री शुक्ला

भोपाल (आरएनएस)। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने मंत्रालय में मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम की 193वीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक ली। उन्होंने ऊर्जा निगम में सहायक यंत्रियों के रिक्त पदों की पूर्ति करने के निर्देश दिये। मंत्री शुक्ला ने सीएसआर कमेटी और कुसुम-सी योजना के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिये। मंत्री शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार योजना से अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित किया जाये। मंत्री शुक्ला ने बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की 192वीं बैठक में दिये गये निर्देशों पर की गयी कार्यवाही का अनुमोदन किया। उन्होंने अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर निगम की गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव, प्रबंध संचालक ऊर्जा विकास निगम अमनवीर सिंह बैंस और निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी प्रदेश में ई-ऑफिस लागू करने वाली पहली कंपनी

भोपाल (आरएनएस)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने समूचे कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत कॉर्पोरेट से लेकर मैदानी दफ्तरों में ई-ऑफिस प्रणाली से काम करना पांच वर्ष पूर्व शुरू किया था। अब ई ऑफिस प्रणाली की सफलता के पांच वर्ष पूर्ण हो गए हैं। ई-ऑफिस प्रणाली से उपभोक्ताओं के कार्य जल्दी निपट रहे हैं और कार्यालयीन कार्य में समय की बचत हो रही है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दो दर्जन से भी अधिक आईटी के ऐसे अनुप्रयोग लागू किये हैं जो कि देश के पॉवर सेक्टर में एक मिसाल हैं। कंपनी द्वारा बनाए गए ई-अनुप्रयोगों में उच्चदाब से लेकर निम्नदाब, कृषि उपभोक्ता, गैर घरेलू उपभोक्ता एवं अन्य श्रेणी के सभी उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है। कंपनी ने उपभोक्ताओं को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन बिल भुगतान, बिजली कनेक्शन, शिकायत एवं समाधान के लिए सरल संयोजन पोर्टल, (पीओएस) मशीन, इंस्टेन्ट बिलिंग सिस्टम, क्वालिटी कंट्रोल पोर्टल, क्क्ङ्क एप, मेन्टीनेन्स एप,सेल्फ मीटर रीडिंग, क?यूआर कोड से भुगतान, नाम परिवर्तन, लोड बढाने का आवेदन, चैटबॉट सुविधा, ई-केवायसी, बिजली चोरी की आनलाइन गुप्?त सूचना की सुविधा के लिये इनफार्मर स?कीम एवं इन्टरप्राईसेस रिसॉर्सेस प्लानिंग जैसे अनेक अनुप्रयोग लागू किए हैं। इसका उपभोक्ता और कंपनी को निरन्तर लाभ मिल रहा है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कहा कि राज्?य शासन के निर्देशानुसार मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के ऑफिस की कार्यप्रणाली को परम्परागत फाइल वर्क्स से ई-ऑफिस प्रणाली की तरफ समग्र रूप से शिफ्ट कर दिया गया है। कंपनी के आईटी विभाग और नेशनल इंफॉरमेटिक्स सेन्टर की सहायता से ई-ऑफिस प्रणाली सफलतापूर्वक कार्य कर रही है। कॉर्पोरेट कार्यालय के सभी अनुभागों सहित क्षेत्रीय, वृत्त,संभाग आदि कार्यालयों द्वारा ई-ऑफिस से कार्य संपादित किये जा रहे हैं।

**विक्रमोत्सव उज्जैन में वाहन खरीदी पर मिलेगी रोडटैक्स में छूट**

भोपाल (आरएनएस)। ग्वालियर के बाद अब उज्जैन के व्यापार मेले में वाहन खारीदी पर पचास फीसदी रोड टैक्स पर सरकार छूट देगी। इस पर गत दिवस मोहन कैबिनेट ने मोहर लगा दी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों को बताया कि ग्वालियर मेला और विक्रमोत्सव उज्जैन में मोटरयान करों में छूट के आदेश जारी कर दिए गए हैं। मंत्रालय में हुई बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। इसी तरह मंत्रिपरिषद में प्रत्येक जिलों में बैड स्थापित करने के प्रस्ताव पर भी सहमति प्रदान कर दी। उल्लेखनीय है कि सीएम ने हर जिले में बैड शुरु करने का ऐलान किया था।

# राष्ट्रीय पशुधन मिशन में मध्यप्रदेश बना बैस्ट परफोर्मिंग स्टेट




भोपाल(आरएनएस)केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत उद्यमिता विकास कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग को उत्कृष्ट कार्य के लिए बैस्ट परफॉर्मिंग स्टेट का पुरस्कार प्रदान किया गया है। पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने इस उपलब्धि के लिए सभी संबंधितों को बधाई दी और आशा व्यक्ति की है कि भविष्य में भी योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश अव्वल रहेगा।

केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह ने पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित एक दिवसीय उद्यमिता विकास कॉन्क्लेव में यह पुरस्कार मध्यप्रदेश के दल को प्रदान किया। प्रदेश से योजना के नोडल अधिकारी डॉ. भगवान मधनानी, डॉ. शिवदत्त श्रीवास्तव और डॉ. प्रखर भार्गव, उप संचालक ने पुरस्कार प्राप्त किया। केन्द्रीय सचिव, पशुपालन एवं डेयरी श्रीमती अल्का उपाध्याय, पशुपालन आयुक्त डॉ अभीजीत मिश्रा तथा डॉ. पी.एस. पटेल संचालक पशुपालन एवं डेयरी द्वारा भी इस उपलब्धि के लिए प्रदेश के अधिकारियों को बधाई दी गई है। राष्ट्रीय पशुधन मिशन उद्यमिता विकास कार्यक्रम अंतर्गत मध्यप्रदेश में अभी तक 4800 से अधिक आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें से 530 प्रकरणों में राशि 387.23 करोड़ रूपये बैंकों से स्वीकृत होकर केन्द्र सरकार द्वारा 450 प्रकरणों में 155.36 करोड़ रूपये स्वीकृत किये जा चुके हैं। स्वीकृत प्रकरणों में लगभग 250 उद्यमियों को प्रथम किश्त और 32 को द्वितीय किश्त की अनुदान राशि स्वीकृत होकर प्राप्त हो चुकी है जो राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक है। कॉनक्लेव में पशुपालन के क्षेत्र में उद्यमिता को बढ़ावा देने और केन्द्रीय उद्यमिता विकास योजनाओं राष्ट्रीय पशुधन मिशन-उद्यमिता विकास कार्यक्रम और पशुपालन अधोसंरचना विकास निधि अंतर्गत लाभांवित उद्यमियों में से उत्कृष्ट कार्य करने वाली इकाईयों को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत उद्यमिता विकास कार्यकम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मध्यप्रदेश के जीत सिंह सिसोदिया (भोपाल) तथा नवनीत जैन (हरदा) को चारा उत्पादन हेतु, श्रीमती शोभा दांगी (राजगढ़) तथा निमिश चावड़ा (शाजापुर) को बकरी पालन तथा श्री यशपाल खन्ना (कटनी) को मुर्गी पालन अंतर्गत उत्कृष्ट उद्यमी के रूप में सम्मानित किया गया। इसी तरह पशुपालन अधोसंरचना विकास निधि अंतर्गत धार जिले की बदनावर तहसील में स्थापित एबिस एक्सपोर्ट इंडिया प्रा.लि. को पशु आहार केटेगरी में सराहनीय कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया। इंदौर जिले की सांवेर तहसील में स्थापित बेकरविले स्पेशलिटिस प्रा.लि. को दुग्ध प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन केटेगरी में उत्कृष्ट कार्य के लिये सम्मानित किया गया। इन दोनों इकाईयों की ऑनलाइन लॉन्चिंग भी केंद्रीय पशुपालन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह द्वारा कार्यकम स्थल से की गई।



पूजा हमेशा पूर्व या उत्तर की ओर मुँह करके करनी चाहिये, हो सके तो सुबह 6 से 8 बजे के बीच में करें. पूजा जमीन पर आसन पर बैठकर ही करनी चाहिए, पूजा गृह में सुबह एवं शाम को दीपक,एक घी का और एक तेल का रखें. पूजा अर्चना होने के बाद उसी जगह पर खड़े होकर 3 परिक्रमाएँ करें. पूजाघर में मूर्तियाँ 1 ,3 , 5 , 7 , 9 ,11 इंच तक की होनी चाहिये, इससे बड़ी नहीं तथा खड़े हुए गणेश जी, सरस्वतीजी, लक्ष्मीजी, की मूर्तियाँ घर में नहीं होनी चाहिये. गणेश या देवी की प्रतिमा तीन, तीन शिवलिंग, दो शालिग्राम, दो सूर्य प्रतिमा, दो गोमती चक्र. दो की संख्या में कदापि न रखें.

जबलपुर दिन शनिवार 18 जनवरी 2025 दैनिक क्षितिज किरण 4

## पूर्वोत्तर की चिंताओं पर केन्द्र को गौर करना चाहिए

केंद्र को पूर्वोत्तर की चिंताओं पर गौर करना चाहिए। उचित यह होगा कि चीन से इस मुद्दे पर सीधी बात की जाए। चीन भी नदी जल बंटवारे संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधियों से बंधा हुआ है। उससे इस बारे में ठोस आश्वासन मांगा जाना चाहिए। चीन के ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने के एलान से पूर्वोत्तर भारत, और यहां तक कि बांग्लादेश में भी चिंता पैदा हुई है। आशंका है कि कभी हादसा होने से बांध टूटा, तो पूरा पूर्वोत्तर डूब जाएगा। साथ ही तनाव के हालात में चीन ब्रह्मपुत्र पानी भी रोक सकता है। ब्रह्मपुत्र नदी चीन में यारलुंग सांगपो नाम से जानी जाती है। अरुणाचल प्रदेश में इसे सियांग नाम से जाना जाता है। असम पहुंचने पर उसका नाम ब्रह्मपुत्र हो जाता है। ब्रह्मपुत्र की कुल लंबाई करीब 2,880 किलोमीटर है। इसका 1,625 किलोमीटर हिस्सा चीन के तिब्बत में है। भारत में 918 और बांग्लादेश में 337 किमी इलाके में ये नदी बहती है। पर्यावरणविदों ने ध्यान दिलाया है कि चीन की ओर से अतिरिक्त पानी छोडने की वजह से हाल के वर्षों में अरुणाचल में तीन बार भयावह बाढ़ आ चुकी है। इसके अलावा इलाके में पहले कई अन्य प्राकृतिक आपदाएं हो चुकी हैं। वर्ष 2000 में यारलुंग सांगपो की सहायक नदी ईगोंग सांगपो में भूकंप के कारण बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ था। इससे अरुणाचल प्रदेश और असम में भयावह बाढ़ आई, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हुआ। ऐसी घटनाएं बाद में भी हुई हैं। इस कारण ताजा खबर आने के बाद से पूरे इलाके में चिंता गहराने की खबरें हैं। अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा है कि चीन बीते कई वर्षो से अरुणाचल से सटे सीमावर्ती इलाकों में बड़े पैमाने पर आधारभूत ढांचे का निर्माण कर रहा है।

# क्या आप लगा पाएगी दिल्ली में चुनावी चौका

आगामी पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। चुनाव जीतने के लिए सभी राजनीतिक दल जोड़-तोड़ करने में जुट गए हैं। चुनाव में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) व कांग्रेस पार्टी के बीच होना तय माना जा रहा है। पिछले दो विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला आप व भाजपा के बीच हुआ था। कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। मगर इस बार कांग्रेस पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां कांग्रेस पार्टी ने आम आदमी पार्टी से गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। वहीं विधानसभा चुनाव कांग्रेस अकेले ही लड़ेगी। कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने व पिछले लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुकाबला त्रिकोणात्मक होने की संभावना बनने लगी है। दिल्ली में तीन बार सरकार बनाकर आप ने मजबूत पकड़ बनायी हैं। वहीं लोकसभा चुनाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद भाजपा आप के सामने टिक नहीं पा रही है।

आप के अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन से 28 दिसंबर 2013 को पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। मगर कांग्रेस द्वारा समर्थन वापस लेने के चलते 49 दिन में ही सरकार गिर गई थी। फरवरी 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आप ने 67 सीटें जीतकर एक नया इतिहास रच दिया था। आप को 54.34 प्रतिशत वोट मिले थे। अरविंद केजरीवाल ने 14 फरवरी 2015 को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उस चुनाव में भाजपा को मात्र तीन सीट तथा 32.19 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली तथा वोट भी घटकर 9.65 प्रतिशत रह गये थे।

2020 के विधानसभा चुनाव में आप ने 62 सीटे जीतकर 53.57 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 16 फरवरी 2020 को अरविंद केजरीवाल तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। 2020 के चुनाव में भाजपा की सीट तीन से बढ़कर आठ तक पहुंच गई थी तथा वोटो का प्रतिशत भी बढ़कर 38.51 प्रतिशत हो गया था। कांग्रेस को इस बार भी कुछ नही मिला था। कांग्रेस को 4.26 प्रतिशत वोट ही मिले थे। कांग्रेस के अधिकांश प्रत्याशियों की जमानत जप्त हो गई थी।

2 अक्टूबर 2012 को गांधी जयंती के दिन आम आदमी पार्टी का गठन किया गया था। पार्टी के गठन के ठीक एक साल एक महीने और दो दिन बाद 4 दिसंबर 2013 को दिल्ली विधानसभा चुनाव के वोट डाले गए थे। 8 दिसंबर 2013 को चुनाव के नतीजे आए तो आप को 28 सीटें तथा 29.49 प्रतिशत वोट मिले थे। पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को उनकी नई दिल्ली सीट पर करीब 26000 वोटो से हराया था। उस चुनाव में भाजपा को 31 सीट व 33.07 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं कांग्रेस को 8 सीट व 24.55 प्रतिशत वोट मिले थे।

उस वक्त कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता से दूर रखने के चक्कर में आप को समर्थन देकर अरविंद केजरीवाल को पहली बार मुख्यमंत्री बनवाया था। कांग्रेस की यही भूल अब तक कांग्रेस को लगातार जीरो पर आउट कर रही है। उस वक्त यदि कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को समर्थन नहीं दिया होता तो आगे विधानसभा चुनाव के नतीजे अलग हो सकते थे। मगर अपनी भूल का कांग्रेस आज तक खामियाजा उठा रही है। 1998 से 2008 तक लगातार तीन विधानसभा चुनाव जीत कर सरकार बनाने वाली कांग्रेस 2013 में मात्र 8 सीटों पर सिमट गई थी। कांग्रेस की एक भूल उस पर इतनी भारी पड़ गई कि वह आज तक संभल नहीं पा रही है। दिल्ली में लोकसभा चुनाव के करीब 8 महीने बाद विधानसभा चुनाव होते हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा 2014 से 2024 तक लगातार दिल्ली की सातों सीटों पर जीत दर्ज करवाती आ रही है। वहीं विधानसभा चुनाव में मतदाताओं के वोट डालने का ट्रेंड बदल जाता है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सभी सात सीटों पर जीत दर्ज कर 46.63 प्रतिशत यानी 38 लाख 38 हजार 850 वोट प्राप्त किए तथा 60 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। आप को 33.08 प्रतिशत यानी 27 लाख 22 हजार 887 वोट मिले थे तथा 10 सीटों पर आगे रही थी। वहीं कांग्रेस को 15.22 प्रतिशत यानी 12 लाख 53 हजार 78 वोट मिले थे। कांग्रेस एक सीट पर भी आगे नहीं थी। वही 2015 के विधानसभा चुनाव में आप को 67 सीटों पर जीत मिली थी। इसी तरह 2019 में भाजपा ने 56.85 प्रतिशत यानी 49 लाख 8 हजार 541 वोट लेकर सभी सीट जीती थी। तथा 65 विधानसभा सीटों पर आगे रही थी। वहीं आप को 18.20 प्रतिशत यानी 15 लाख 71 हजार 687 वोट मिले थे और सीट एक भी नहीं जीती थी। आप किसी विधानसभा सीट पर आगे नहीं रही थी। वहीं कांग्रेस को 22.63 प्रतिशत यानी 19 लाख 53 हजार 900 वोट मिले थे।

## आप के लिए चुनौतियां कठिन

अवधेश कुमार

दिल्ली विधानसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। यहां मतदान 5 फरवरी को होगा और नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। वैसे चुनाव कार्यक्रम घोषित होने से काफी पहले ही चुनाव अभियान चरम पर पहुंच चुका था।

2014 के बाद दिल्ली की राजनीति आप बनाम भाजपा के बीच दो ध्रुवीय हो गई है। इसके पूर्व भाजपा और कांग्रेस ही मुख्य पार्टियां होती थीं। 2013 से कांग्रेस का पतन आरंभ हुआ और पिछले दो विधानसभा चुनाव से वह शून्य पर है। भाजपा भी 1998 से सत्ता से बाहर है। भाजपा सत्ता में आना चाहती है तो कांग्रेस भी दिल्ली की मुख्यधारा में वापसी की कोशिश में है।

प्रश्न है कि क्या इस बार पिछले दो विधानसभा चुनावों से अलग परिणाम आएगा? क्या सत्ता परिवर्तित होगी? क्या दिल्ली की राजनीति तीन ध्रुवीय होगी? पिछले चुनाव तक कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की नीति किसी तरह भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सत्ता में आने से रोकना था। इसके लिए वह हर तरह का समझौता कर रही थी। लोक सभा चुनाव में आप के साथ सीटों पर समझौता भी हुआ। कांग्रेस ने रणनीति बदली और वाकई दिल्ली में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही है। बावजूद कुछ समय पूर्व लगता था कि आप तीसरी बार एकपक्षीय जीत प्राप्त कर सकती है। चुनाव या किसी संघर्ष में प्रतिद्वंद्वी को पराजित करने का सबसे बड़ा सूत्र आक्रामक होना है यानी आक्रामक होकर प्रतिद्वंद्वी को उत्तर देने तक सीमित रख दीजिए।

केजरीवाल ने लगातार ऐसी घोषणाएं कीं जिससे भाजपा के सामने उत्तर देने का विकल्प दिखता था। भाजपा और कांग्रेस, दोनों केजरीवाल की घोषणाओं का तथ्यात्मक खंडन करती रहीं, उनकी विसनीयता को भी अतीत के आधार पर प्रश्नों के घेरे में लाती रहीं लेकिन ऐसा नहीं था कि एजेंडा भाजपा तय कर रही हो।

## सहकारिता: एक सतत और समावेशी वैश्विक भविष्य की कुंजी

मुरलीधर मोहोल

हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) का वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024, सौ से अधिक देशों से आए वैश्विक नेताओं की एक सभा मात्र न होकर कहीं अधिक मायने रखता है; यह एक सतत एवं न्यायसंगत भविष्य को आकार देने में सहकारी समितियों के बढ़ते महत्व का प्रमाण है। सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ किया, जो एक महत्वपूर्ण वैश्विक पहल है जिसका मूल उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यानाकर्षित कराना है। यह वर्ष वैश्विक, आर्थिक और सामाजिक विमर्श का वह महत्वपूर्ण अध्याय बन रहा है, जहाँ सहकारी समितियों को न केवल स्थानीय विकास के साधन बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में भी पहचान दी जा रही है।

सहकारी मॉडल: आस्तित्व में समुदायिक पर वैश्विक बदलाव के लिए तैयार

सहकारी मॉडल के मूल में एक सरल लेकिन शक्तिशाली अवधारणा निहित है – परस्पर लाभ के लिए एक साथ काम करते लोग। सहकारिता सामूहिक स्वामित्व, साझा जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक निर्णय लेने पर जोर देती है। इन सिद्धांतों ने दुनिया भर में कृषि, स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सेवाओं से लेकर ऊर्जा उत्पादन तक उल्लेखनीय सफलताएँ दिलाई हैं।

भारत में, सहकारी समितियाँ ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं । उदाहरण के लिए, अमूल ने न केवल भारत को दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बना दिया है, बल्कि सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भरता और समृद्धि का प्रतीक भी बन गया है। अमूल जैसी डेयरियां उन सभी महिलाओं को सशक्त बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिला नेतृत्व वाले विकास का समर्थन करती हैं, जो महिलाएं व्यावसायिक दूध उत्पादक के लिए ऐसी समितियों से जुड़ी हुई हैं। अपने सहकारी मॉडल के माध्यम से ये सहकारी समितियाँ नेतृत्व की भूमिकाएँ, कौशल विकास और वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं, जिससे महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिलती है और अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका और मजबूत होती है। भारत ने लंबे समय से आर्थिक परिवर्तन और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के साधन के रूप में सहकारी समितियों के मूल्य को पहचाना है। नई दिल्ली में आयोजित आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति ने सहकारी आंदोलन के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को उजागर किया है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के शुभारंभ के दौरान उनके संबोधन ने एक आत्मनिर्भर, समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में सहकारिता की भूमिका को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण ने हाशिए पर पड़े समुदायों को सशक्त बनाने की सहकारी क्षेत्र की क्षमता पर भी प्रकाश डाला, खासकर ग्रामीण भारत में, जहाँ सहकारी समितियाँ, कृषि और डेयरी फार्मिंग जैसे क्षेत्रों की रीढ़ बनी हुई हैं।

## महाकुम्भ क्षेत्र के अंदर और बाहर चप्पे चप्पे मोबाइल चार्जिंग और पावर बैंक की सुविधा उपलब्ध

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज महाकुम्भ में आस्था का जन सैलाब उमड़ रहा है। पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के स्नान पर्व पर पुण्य की डुबकी लगाने के लिए करोड़ों की संख्या में लोग महाकुम्भ क्षेत्र में आए, उसमें बहुत से लोग मोबाइल डिस्चार्ज होने की वजह से कनेक्टिविटी का लाभ नहीं ले सके। लेकिन अब इस समस्या का भी विकल्प खोज लिया गया है। इसके लिए मेला क्षेत्र के अन्दर आए बाहर मोबाइल चार्जिंग मशीन लगाई गई हैं जहां पावर बैंक की सुविधा मिलेगी। महा कुम्भ जैसे बड़े आयोजन के दौरान मोबाइल चार्जिंग सुविधाओं की पहुँच महत्वपूर्ण हो जाती है। इसे समझते हुए सर्विस प्रोवाइडर ए3 चार्ज एवं एंजेललाइफ ने मोबाइल चार्जिंग मशीनों को प्रयागराज में लगाया हैं जहां उच्च क्षमता के पावर बैंक विज़ीटर लेकर अपने परिजनों और जानने वालों से जुड़ा रह सकता है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों के भीड़भाड़ वाले स्थानों में महाकुम्भ क्षेत्र के अंदर और बाहर ये मशीनें लगाई गई हैं। एंजेल लाइफ कंपनी के सीईओ डॉक्टर शशांक खरबंदा का कहना है

## कलह की छेद से परेशान इंडिया, 18 महीनों में ही बेडगर गठबंधन की नाव

भारत में गठबंधन की सरकार की बात करना कोई नई नहीं है। लेकिन भाजपा के खिलाफ खासकर मोदी सरकार के खिलाफ जिस तरह से गठबंधन की नाव बन रही है। नाव के नदी में जाने से छेद होती दिख रही है। बहरहाल पहले दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप और कांग्रेस के बीच फूट और अब उद्धव ठाकरे द्वारा अकेले बीएमसी चुनाव लड़ने की घोषणा ने इंडिया गठबंधन में बड़ी दरार पैदा कर दी है। गठबंधन से जुड़े चार प्रमुख नेताओं के क्रियाकलापों ने या तो इसके टूटने के या इसे पूरी तरह खत्म हो जाने के संकेत दिए हैं।

वैसे राजनीति के बारे में तय कुछ भी करना कठिन हो सकता है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने कहा कि इंडिया गठबंधन सिर्फ़ लोकसभा चुनाव के लिए बनाया गया था। वहीं आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने भी कुछ ऐसी ही बात कही। हालांकि, कुछ पार्टियों को अभी भी गठबंधन के भविष्य को लेकर आधिकारिक घोषणा का इंतज़ार है। जुलाई 2023 में बेंगलुरु में उक्त गठबंधन की नींव रखी गई थी, जिसमें 26 पार्टियां गठबंधन में शामिल हुई थीं। लोकसभा चुनाव के दौरान, गठबंधन ने महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार जैसे राज्यों में एनडीए को चुनौती दी गई थी। नतीजतन, भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल करने में कामयाब नहीं रही। चुनाव में एनडीए ने 296 सीटें जीतीं, जबकि इंडिया गठबंधन ने 230 सीटें हासिल कीं। गठबंधन ने इसे अपनी जीत माना। हालांकि, लोकसभा चुनाव के ठीक आठ महीने बाद, गठबंधन टूटने की कगार पर पहुंच गया है, बस आधिकारिक घोषणा बाकी है। इस विभाजन के लिए राजनीति के जानकार चार प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं।

आरजेडी के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी के मुताबिक, हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद गठबंधन में दरार दिखने लगी थी। कांग्रेस ने अपने अड़ियल रवैये के कारण हरियाणा में एक जीतने लायक चुनाव गंवा दिया, जो गठबंधन के प्रति उसके रवैये तक फैल गया। इससे सहयोगी दल सतर्क हो गए और गठबंधन के भीतर नए नेतृत्व की मांग उठने लगी। हरियाणा चुनाव नतीजों के एक दिन बाद अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। प्रस्तावित 10 सीटों में से दो सीटें कांग्रेस को देने पर सहमति बनी। हालांकि, अखिलेश ने कांग्रेस को सीटें देने से इनकार कर दिया। जबकि, गठबंधन के एक नेता ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस अति आत्मविश्वास में आ गई है। लचीला रुख अपनाने के बजाय वह और सख्त होती गई। यह व्यवहार महाराष्ट्र में भी देखने को मिला।

## अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने लगाई संगम में डुबकी, बोले- महाकुम्भ दे रहा दुनिया को एकता का संदेश

महाकुम्भनगर = महाकुम्भ में 10 देशों के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने संगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न अखाड़ों का दौरा किया। इस यात्रा में उन्होंने न केवल महाकुम्भ के धार्मिक महत्व को समझा बल्कि भारतीय संस्कृति के अद्भुत पहलुओं को भी अनुभव किया। त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के बाद प्रतिनिधि दल ने समूचे महाकुम्भ क्षेत्र का दौरा किया। जिससे उन्हें इस विशाल धार्मिक आयोजन की व्यापकता साक्षात देखने को मिली। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने दुनिया के इस सबसे बड़े आयोजन के भव्य इंतजाम के लिए योगी सरकार की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। भारतीय संस्कृति को देखने और समझने के लिए सभी देशों के लोगों को यहां महाकुम्भनगर जरूर आना चाहिए। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की प्रतिनिधि सैली एल अजाब ने कहा कि वो मध्य पूर्व से भारत आई हैं। यह एक अद्भुत क्षण है। यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। यहां सब कुछ पूरी तरह से व्यवस्थित है। उन्होंने महाकुम्भ की भव्यता की तारीफ करते हुए बताया कि यह आयोजन न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है।

## शार्टकट और कॉपी पेस्ट की जकड़न में आज की जेनरेशन

आज की जेनरेशन शार्टकट और कॉपी पेस्ट से आगे नहीं निकल पा रही है। इंटरनेट, मोबाइल, कम्प्यूटर और सोशियल मीडिया ने नई जेनरेशन को सीमित दायरे में कैद करके रख दिया है। नई पीढ़ी में से अधिकांश युवा कुछ नया करने, नया सोचने, नई दिशा खोजने के स्थान पर गूगल गुरु या इसी तरह के खोजी एप के सहारे आगे बढ़ने लगी है। तकनीक का विकास इस तरह से सोच और समझ को सीमित दायरें में लाने का काम करेगी यह तो सोचा ही नहीं था। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तो इससे भी एक कदम आगे निकल गई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि तकनीक सहायक की भूमिका में हो तो वह आगे बढ़ने में सहायक हो सकती है पर तकनीक का जिस तरह से उपयोग होने लगा है वह ज्ञान और समझ को थुथला करने में ही सहायक सिद्ध हो रही है। यही कारण है कि आज की पीढ़ी से कोई भी सवाल करों वह उसका उत्तर गूगल गुरु या इसी तरह के प्लेटफार्म का सहारा लेकर तत्काल दे देंगे। हांलाकि सूचनाओं का संजाल जिस तरह से इंटरनेट प्लेटफार्म पर उपलब्ध है निश्चित रुप से वह आगे बढ़ाने में सहायक है पर आज की पीढ़ी उसी तक सीमित रहने में विश्वास करने लगी है। जिस तरह से एक समय परीक्षाएं पास करने के लिए वन डे सीरिज का दौर चला था ठीक उसी तरह से किसी भी समस्या का हल, किसी भी जानकारी को प्राप्त करने के लिए इंटरनेट को खंगालना आम होता जा रहा है। चंद मिनटों में एक नहीं अनेक लिंक मिल जाते हैं और कई बार तो समस्या यहां तक हो जाती है कि इसमें कौनसा लिंक अधिक सटीक है। दर असल इस तरह की जानकारी से तर्क क्षमता के विकास या विश्लेषक की भूमिका नगन्य हो जाती है। समझ में यह भी आ जाता है कि नेट पर इतनी जानकारी है तो फिर किताबों के पन्ने पलटने से क्या लाभ? इसका एक दुष्परिणाम किताबों से दूरी को लेकर साफ साफ देखा जा सकता है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि इंटरनेट, कम्प्यूटर और मोबाइल ने आज की पीढ़ी को शार्टकट की जिंदगी जीना सिखा दिया है। आज का युवा कट पेस्ट के सहारे अपना काम चला रहा है। कोई जानकारी लेनी है तो सीधा गूगल गुरु की शरण में जाता है और एक ही प्रश्न से संबंधित सामग्री के अनेक स्त्रोत देख कर वह अपनी सुविधा के अनुसार जो उसे सही लगता है कट किया और उसके बाद पेस्ट करके अपना काम पूरा कर लेता है। यह सब चिंतनीय इसलिए है कि सालाना माड्यूलर सर्वेक्षण 2024 में यह सामने आया है कि डेटा, सूचना, दस्तावेजों आदि के लिए इंटरनेट की शरण में चले जाते हैं और वहां पर जो मिलता है उसी को पेस्ट कर इतिश्री कर लिया जाता है। सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार देश में उत्तराखण्ड के युवा सबसे आगे हैं और उत्तराखण्ड के करीब 66 फीसदी युवा कॉपी पेस्ट के सहारे काम चला रहे हैं। उत्तराखण्ड के पीछे पीछे ही बिहार के युवा हैं और बिहार के 60 प्रतिशत युवा कट पेस्ट के सहारे ही काम चला रहे हैं। उत्तरप्रदेश के युवाओं के हालात भी कमोबेस यही है और उत्तरप्रदेश के 56 फीसदी युवा कट पेस्ट का सहारा ले रहे हैं। कमोबेस यह हालात भारत ही नहीं आज की तारीख में दुनिया के अधिकांश देशों में आम होती जा रही है। तकनीक के उपयोग में कोई बुराई नहीं हैं अपितु तकनीक के उपयोग में आगे रहना समय की मांग होती है। पर बौद्धिक विकास या तार्किकता की पहली शर्त ही अध्ययन मनन होती है।

सबसे बड़ी समस्या यही है कि आज का युवा पढ़ने पढ़ाने से दूर होता जा रहा है। गूगल गुरु के सहारें काम चलाया जा रहा है। सबसे अधिक चिंतनीय यह है कि ऐसे में युवाओं के समग्र बौद्धिक विकास की बात करना बेमानी हो जाता है। जब एक क्लिक में सामग्री मिल जाती है तो फिर पढ़ने-पढ़ाने की जहमत कौन उठाएं। कोरोना के कारण ऑनलाइन कक्षाओं का जो चलन चला था उसके नकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। रही सही कसर सोशियल मीडिया ने पूरी कर दी है। सोशियल मीडिया पर परोसी जाने वाली सामग्री में कितना सही है और क्या सही है यह तय करना जोखिम भरा काम है। परिवारों के हालात यह होते जा रहे हैं कि किताब तो दूर होती जा रही है और क्या बच्चे और क्या बड़े सब मोबाइल पर लगे रहते हैं और आपसी संवाद करने की भी फुर्सत नहीं होती। एकाकीपन बढ़ता जा रहा है। सामाजिकता तो लगभग समाप्त ही होती जा रही है। सोशियल मीडिया में शार्टकट मैसेजों का चलन इस कदर बढ़ गया है कि कई बार तो शार्टकट मैसेज को डिकोड करने में ही पसीने आ जाते हैं। अब 2025 की ही बात ले तो सोशियल मीडिया पर डब्ल्यूटीएफ का चलन जोरों से चल रहा है। डब्ल्यूटीएफ का एक तो सीधा साधा अर्थ है क्या मजाक है। पर दूसरी और नए साल के बुधवार से आरंभ होने को लेकर डब्ल्यूटीएफ का धडल्ले से प्रयोग किया जा रहा है। डब्ल्यूटीएफ के माध्यम से लोगों को डराया भी जा रहा है कि जिस तरह से 2020 में बुधवार से नए साल की शुरुआत हुई थी और उस साल कोरोना के भयावह दौर से गुजरना पड़ा। इस तरह से डब्ल्यूटीएफ के माध्यम से कोरोना काल जैसी त्रासदी की संभावना से लोगों को डराया जा रहा है। अब जिस तरह के चीन से समाचार आ रहे हैं उनमें कितनी सचाई है यह तो दूर की बात है पर उससे दहसत का माहौल बनता जा रहा है। एक समय था जब बच्चों की कम्यूनिकेशन स्कील विकसित की जाती थी। अब सोशियल मीडिया के इस जमाने में कम्युनिकेशन स्किल तो दूर की बात शार्ट कट के आधार पर ही काम चलाया जा रहा है। खास यह कि सामने वाले से यह अपेक्षा की जाती है कि उसे सब कुछ मालूम है।

आने वाली पीढ़ी को गंभीर और चिंतनशील बनाना है तो उसे कट पेस्ट के दुनिया से बाहर लाना ही होगा। कहा जाता है कि जितना अधिक अध्ययन मनन होता है व्यक्ति उतना ही निखर कर आता है। जब इंटरनेट की दुनिया में जो जानकारियां हैं उन्हीं का उपयोग किया जाता है तो ऐसी हालत में चिंतन, मनन, तक-वितर्क, वैचारिक परिपक्वता, शोध आदि की कल्पना करना अपने आप में गलत होगा। ऐसे में तकनीक का उपयोग सहजता के लिए किया जाना तो उचित है पर तकनीक के नाम पर केवल शार्ट कट या कॉपी पेस्ट तक सीमित होना अपने आप में गंभीर चिंता का कारण बन जाता है। शिक्षाविदों को इस पर गंभीर चिंतन करना होगा।

## -:: आज का राशिफल ::-




मेष राशि: आज आपके लिए दिन पॉज़िटिव रहने वाला है। आज आपका पारिवारिक मामला किसी बड़े बुजुर्ग की सहायता से सुलझ जाएगा। आज नियमित कार्यों के अतिरिक्त कुछ और जानकारियां हासिल करने में भी समय बीतेगा।

वृष राशि: आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। आज ऑफिस में आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे आपको सफलता मिलेगी। आज कुछ खास लोगों से मुलाकात का अवसर मिलेगा

कर्क राशि: आज आपको किसी अपने से अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज दिन भर सकारात्मक और अनुशासित दृष्टिकोण आपको खुश रखेगा।

सिंह राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बिजनेस के लिए दिन अच्छा है। आज रियल स्टेट में फायदेमंद डील फाइनल हो सकती है। ऑफिस के कार्यभार की अधिकता की वजह से ओवर टाइम भी करना पड़ सकता है।

कन्या राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। आज आप इसकी तैयारी में व्यस्त रहेंगे। आज आप अपने जीवन में किसी प्रकार का बड़ा निर्णय लेना चाहते हैं,

तुला राशि:आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज अच्छी खबर आपको मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे उनके मन की बातों को समझेंगे।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है जिसे आप निराश नहीं करेंगे।

धनु राशि:आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में अपनापन बढ़ेगा। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे।

मकर राशि:आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। खान-पान में लापरवाही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। कानूनी कार्यों के लिए भागदौड़ से थकावट का एहसास होगा।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अचानक धनलाभ होने के योग बन रहे है। जीवनसाथी के साथ में किसी बात को लेकर मीठी नोक-झोक होगी।

मीन राशि:आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज आपके स्वास्थ्य में बेहतरी बनी रहेगी। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जमीन जायदाद से जुड़े कार्य प्रगति से आगे बढ़ेंगे।



**आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने घोषणा की है कि वे भी केजरीवाल की तरह मुफ्त की रेवड़ी बांटेंगे। इसलिए मैं उनसे कहना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी सामने आकर स्पष्ट रूप से ऐलान करें कि उनकी इसपर सहमती है। प्रधानमंत्री मोदी ने अब तक कहा है कि मुफ्त की रेवड़ी सही नहीं हैं। उन्हें अब कहना चाहिए कि वे गलत थे और केजरीवाल सही थे। प्रधानमंत्री मोदी को कहना चाहिए कि मुफ्त की रेवड़ी देश के लिए नुकसान नहीं हैं बल्कि भगवान का प्रसाद है।**

# केंद्रीय कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी- मोदी सरकार ने दी 8वें वेतन आयोग को मंजूरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। मंत्रिमंडल ने गुरुवार को आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी प्रदान कर दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी साझा करते हुए कहा, प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों के लिए आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय सरकारी कर्मचारियों के लिए लाभ सुनिश्चित करने के मद्देनजर लिया गया है।

आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी। सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें 2016 में लागू की गई थीं, लेकिन इसका कार्यकाल 2026 में समाप्त हो रहा है। हालांकि आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें सातवें वेतन आयोग का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही प्राप्त होने की उम्मीद है, जिसके लिए 2025 तक पर्याप्त समय दिया गया है। आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें 2026 तक लागू होने की उम्मीद है। केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद से देशभर के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनधारियों को लाभ मिलेगा। केंद्रीय कर्मचारियों के संगठन लंबे समय से आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग कर रहे थे। ये संगठन सरकार पर लगातार दबाव बना रहे थे। ताकि कर्मचारियों के वेतन संबंधी मुद्दों का समाधान हो सके। कई बार कर्मचारी यूनियनों ने केंद्र सरकार से इस विषय में स्थिति स्पष्ट करने की मांग भी की थी।

रिपोर्ट्स के अनुसार, आठवें वेतन आयोग में न्यूनतम आधार वेतन को बढ़ाकर 34,650 रुपये किया जा सकता है, जो कि सातवें वेतन आयोग में 18,000 रुपये है। वहीं, पेंशन को 9,000 रुपये से बढ़ाकर 17,280 रुपये किया जा सकता है। केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन को तय करने में फिटमेंट फैक्टर की अहम भूमिका होती है। इस बार यह 1.92 हो सकता है। आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन और उसकी सिफारिशें स्वीकार होने पर लगभग 49 लाख सरकारी कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनभोगियों के वेतन पर इसका सीधा प्रभाव पड़ेगा और उन्हें इसका लाभ मिलेगा। केंद्रीय वेतन आयोग का गठन समय-समय पर केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन ढांचे और भत्तों में बदलाव की समीक्षा और सिफारिशों के लिए किया जाता है।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा 28 फरवरी 2014 को गठित सातवें वेतन आयोग ने 19 नवंबर 2015 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसकी सिफारिशें 1 जनवरी 2016 से लागू की गई थीं। इस समय सीमा के आधार पर आठवें वेतन आयोग के 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होने की उम्मीद की जा रही है। आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के गठन और उसकी सिफारिशें स्वीकार होने पर लगभग 49 लाख सरकारी कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनभोगियों के वेतन पर इसका सीधा प्रभाव पड़ेगा और उन्हें इसका लाभ मिलेगा। केंद्रीय वेतन आयोग का गठन समय-समय पर केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन ढांचे और भत्तों में बदलाव की समीक्षा और सिफारिशों के लिए किया जाता है।

**कांग्रेस पर फिर बरसे अनिल विज, मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री रहते हुए भी कांग्रेस ने काम नहीं करने दिया**

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय के नए भवन का नाम पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नाम पर रखने पर उपजे विवाद पर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री रहते हुए भी कांग्रेस ने काम नहीं करने दिया। उनकी सारी शक्तियों, स्वतंत्रता व बुद्धिमता पर इन्होंने अंकुश लगाकर रखा। ऐसे में इनसे किसी प्रकार की उम्मीद नहीं की जा सकती। खनौरी बार्डर पर हरियाणा में किसानों के भूख हड़ताल पर बैठने के मामले में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि सरकार इस पर पूरी निगाह रखे हुए है



प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ 2025 के तीसरे दिन गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर किन्नर अखाड़े के सदस्य से आशीर्वाद लेते हुए एक भक्त।



भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ कर्नाटक के धारवाड़ में कृषि महाविद्यालय की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक भित्ति चित्र का अनावरण करते हुए.

# अर्बन नक्सल्स के चंगुल में हैं राहुल गांधी : रविशंकर प्रसाद

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को पार्टी के मुख्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए 8 वें वेतन आयोग के गठन को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी दिए जाने का स्वागत किया। साथ ही उन्होंने अमेरिका की हिंडनबर्ग रिसर्च के बंद होने और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी पर हमले करने के लिए कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी को घेरते हुए कहा कि राहुल गांधी अर्बन नक्सल के चंगुल में हैं।

उन्होंने कहा, गुरुवार को केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए 8 वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। हम पार्टी के ओर से इस फैसले का स्वागत करते हैं।

हिंडनबर्ग के बंद होने के ऐलान पर उन्होंने कहा, अब हिंडनबर्ग रिसर्च के बंद होने के बाद यह देखना होगा कि इसके पीछे का कारण क्या है और क्या यह कंपनी अपने पिछले विवादों से बाहर निकलने के लिए इस कदम को उठा रही है। हिंडनबर्ग ने अपनी दुकान बंद कर दी है। मुझे यह समझ नहीं आ रहा है कि हिंडनबर्ग की दुकान क्यों बंद हो गई। जिस दिन कांग्रेस का कार्यालय खुला, उसी दिन यह दुकान क्यों बंद हो गई। अभी हाल ही में हिंडनबर्ग के फाउंडर जॉर्ज सोरोस को फ्रीडम का एक मेडल मिला था। ऐसा लगता है कि जॉर्ज सोरोस की अमेरिका में दुकान बंद होने वाली है। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि 20 तारीख के बाद उनकी दुकान कुछ कमजोर होगी। मैं पूछना चाहता हूं कि हिंडनबर्ग की दुकान बंद हो रही है, तो क्या उसकी दुकान का ठेका राहुल गांधी को मिल गया है ? भारत देश के खिलाफ गैर जिम्मेदाराना हरकत कौन करता है? हिंडनबर्ग करता है। यह तय है कि हर संसद के सत्र के पहले हिंडनबर्ग की एक रिपोर्ट आएगी। हंगामा होगा। टीवी डिबेट कराएगी जाएगी। उसके बाद उसे मुद्दा बनाया जाएगा। वह दुकान अब बंद हो रही है।

उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी संघ और बीजेपी की बहुत आलोचना करते हैं। यह आप कोई नया काम नहीं कर रहे हैं। यह काम आपके नाना जी जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी भी करते थे। आज यही काम आप कर रहे हो। आप देखिए आपकी पार्टी कहां से कहां पहुंच गई और संघ कहां से कहां पहुंच गया। क्योंकि संघ एक राष्ट्रवादी संगठन है। संघ ने हमेशा समाज के लिए बड़ा काम किया है। देश भक्ति के लिए बड़ा काम किया है। आप देखिए कैसे चीन के साथ युद्ध के बाद संघ के लोगों ने इंडिया गेट पर परेड की थी। गुरुवार को यह टीवी पर दिखाया गया था। हम सबने यह प्रोग्राम देखा है। वह न कुछ जानते हैं। न कुछ समझते हैं. न ही कुछ समझने की कोशिश करते हैं। राहुल गांधी अर्बन नक्सल के चंगुल में हैं।

बता दें कि हिंडनबर्ग रिसर्च अमेरिका शॉर्ट-सेलिंग फर्म अब बंद होने जा रही है।

## प्रवेश वर्मा डिसक्वालीफाई होने की पूरी कोशिश कर रहे, चुनाव आयोग है कि मानता ही नहीं : केजरीवाल

नई दिल्ली (आरएनएस)। नई दिल्ली सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के खिलाफ आचार संहिता का उल्लंघन करने पर एफआईआर दर्ज की गई है। प्रवेश वर्मा इस सीट से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मैदान में हैं।

अरविंद केजरीवाल प्रवेश वर्मा पर एफआईआर दर्ज होने के बाद से उन पर हमलावर हैं। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया के जरिए प्रवेश वर्मा पर तंज कसा। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बेचारे प्रवेश वर्मा डिसक्वालीफाई होने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, पर चुनाव आयोग है कि मानता ही नहीं।

केजरीवाल ने एक और अन्य पोस्ट में कहा, पूरी दुनिया कह रही है कि खुले आम पैसा और समान बंट रहा है, पर चुनाव आयोग कह रहा है कि उन्हें सबूत और गवाह नहीं मिल रहे। दरअसल, नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर ने मंदिर मार्ग पुलिस थाने के थानाध्यक्ष को पत्र लिखकर प्रवेश वर्मा के खिलाफ शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा था। शिकायत में कहा गया था कि प्रवेश वर्मा मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन के पास वाल्मीकि मंदिर के परिसर में मतदाताओं को जूते बांट रहे थे।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित औपचारिक स्वागत समारोह के दौरान तस्वीरें खिंचवाते हुए.

## दिल्ली चुनाव में आप को समर्थन का मतलब कांग्रेस का विरोध नहीं : अखिलेश यादव

लखनऊ (आरएनएस)। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का दिल्ली में आप को समर्थन का मतलब यह नहीं है कि हम कांग्रेस के विरोध में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी चुनावी लड़ाई में नजर आ रही है। इंडिया गठबंधन में पहले भी इस मुद्दे पर चर्चा हो चुकी है कि जो क्षेत्रीय दल जहां मजबूत होगा, वहां उसको समर्थन दिया जाएगा।

अखिलेश यादव ने अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले की निंदा करते हुए कहा कि हमें उम्मीद है कि सैफ अली खान जल्द स्वस्थ हो जाएंगे। इसके पीछे क्या कारण है और किस कारण से यह हुआ, ये जांच का विषय है।

मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि वहां हमारा प्रत्याशी पीडीए का प्रतिनिधि है। मुझे उम्मीद है कि चुनाव आयोग पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराएगा। मिल्कीपुर की जनता ने भाजपा को हराने का मन बना लिया है। किसान, महिला और व्यापारी भाजपा को हराने जा रहे हैं। पीडीए का उम्मीदवार जनता की पहली पसंद है।

# महाकुंभ में छाया इंजीनियर बाबा , कनाडा में नौकरी, करोड़ों का पैकेज छोड़ने के खोले राज

प्रयागराज (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दुनिया के सबसे बड़े महापर्व, महाकुंभ का आगाज हो चुका है। इस महाकुंभ में आईआईटीयन बाबा अभय सिंह, जिन्हें इंजीनियर बाबा के नाम से जाना जा रहा है। वह काफी चर्चा में बने हुए है।

इंजीनियर बाबा अभय सिंह का दावा है कि उन्होंने आईआईटी बॉम्बे से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की है। पढ़ाई के बाद उन्हें एक बड़ी कंपनी में लाखों के पैकेज पर नौकरी भी मिली, लेकिन उन्होंने सांसारिक मोह-माया को त्यागकर आध्यात्म का मार्ग चुना।

अभय सिंह ने कहा कि मैं कनाडा में नौकरी कर रहा था। उस वक्त तीन लाख प्रति महीने की उनकी सैलरी थी। उसके बाद सैलरी में इजाफा भी हुआ और काफी अच्छी सैलरी पर वह वहां से छोड़कर भारत आ गए। अभय सिंह ने कहा कि जब आईआईटी मुंबई से निकलकर फैशन डिजाइनर का कोर्स करने के बाद मेरे पास नौकरी के साथ-साथ घर बसाने का भी विकल्प था। बावजूद इसके कुछ ऐसी बात थी कि ऐसा लगता था कि कमी है। बस फिर क्या जो इच्छा हुई भी वह समय के साथ जाती रही। बाबा अभय सिंह ने कहा कि मैंने दसवीं तक की पढ़ाई हरियाणा में की। उसके बाद मैंने आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान से पढ़ाई की तो ऐसा लग रहा था ऐरोनॉटिक्स इंजिनियर ही सबकुछ है। लेकिन उसके बाद भी लगा कि जिस सांइस को मैने पढ़ा है, वो तो कुछ है ही नहीं। उन्होंने कहा कि अभी जो आध्यात्म पढ़ रहे हैं वही असली साइंस है। अभय सिंह ने कहा कि उनके पीछे पूरा परिवार है। उनके पिता पेशे से वकील हैं। उनकी एक बहन है जो कनाडा में रहती है।

## गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर मंत्री को दी थी धमकी, आरोपी गिरफ्तार; 30 लाख की मांगी थी रंगदारी

पटना (आरएनएस)। बिहार पुलिस ने उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले से एक शख्स को गिरफ्तार किया है, जिसने राज्य के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर धमकी दी थी। उसने मंत्री से 30 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी, नहीं तो बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करने की धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

मंत्री संतोष कुमार सिंह ने मंगलवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति ने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई बताकर फोन किया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। साथ ही, उसने 30 लाख रुपये की रंगदारी भी मांगी। मंत्री ने इस घटना के बारे में बिहार के पुलिस महानिदेशक को भी सूचित किया था। बिहार पुलिस के एक बयान के अनुसार, मंत्री से औपचारिक शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत एक टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता का इस्तेमाल करते हुए आरोपी को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले से गिरफ्तार किया।



सिंगापुर गणरा%य के राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम ने दिल्ली में राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की.



प्रयागराज में संगम के पास महाकुंभ मेला 2025 में सजाए गए मंडपों के पास भगवान हनुमान की एक मूर्ति प्रदर्शित की गई है.

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सबसे अधिक पानी वाला राज्य होगा राजस्थान - केंद्रीय जलशक्ति मंत्री

जयपुर (आरएनएस)। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने कहा है कि वह दिन दूर नहीं जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान सबसे अधिक पानी वाला राज्य होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश को जल आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। आमजन भी जल की एक-एक बूंद के महत्व को समझते हुए जल संचय में जुड़े, इस उद्देश्य से शुरू किया गया 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान अब एक जन आंदोलन का रूप लेता जा रहा है।

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने बुधवार को राजकीय महाविद्यालय, सांगानेर में सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के वर्षा जल संचयन के कार्यों के भूमि पूजन के अवसर पर कहा कि राज्य में पानी की किल्लत को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री ने राज्य को संशोधित पीकेसी लिंक परियोजना (एकीकृत ईआरसीपी) के रूप में बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि 70 हजार करोड़ रुपये लागत की इस परियोजना में राज्य सरकारों पर मात्र 10 प्रतिशत ही वित्तीय भार आएगा और 90 प्रतिशत अंशदान केन्द्र सरकार देगी। यमुना जल समझौते से शेखावाटी क्षेत्र की जल समस्या का भी स्थायी समाधान हो जाएगा।

पाटिल ने कहा कि राजस्थान के लोगों से अधिक पानी के महत्व को कोई नहीं समझ सकता है। पहले के समय में राजस्थानी लोग जहां भी जाते थे वहां प्याऊ बनवाते थे। लेकिन अब प्याऊ की जगह धरती की प्यास बुझाने के लिए वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर बनवाने की जरूरत है ताकि हर गांव का पानी गांव में, हर खेत का पानी खेत में और हर घर का वर्षा जल घर में ही जमीन में उतर सके। उन्होंने कहा कि कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अनूठी संकल्पना 'कैच द रेन' से प्रेरित है। इस अभियान में राजस्थान में 45 हजार रैन वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर वर्ष 2027-28 तक बनाए जाने हैं, जो वर्षा का पानी संग्रहित कर भूमिगत पानी के स्तर को बढ़ाएंगे। देशभर में 10 लाख रैन वाटर रिचार्ज बोर के लक्ष्य के साथ चलाया जा रहा यह अभियान जन भागीदारी से जन आंदोलन में परिवर्तित होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राजस्थान के उद्यमी और भामाशाहों को इस अभियान में जोड़ने के लिए सराहनीय कार्य किया जा रहा है।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि ) थाना लार्डगंज में दिनेश पटैल उम्र 38 वर्ष निवासी जगदीश मंदिर गढाफाटक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि भंवरताल गार्डन के सामने चाय नास्ता की दुकान लगाता है दुकान बंद करके अपने अपने घर जा रहा था रात लगभग 9-30 बजे अपने घर के पास पहुॅचकर खड़ा था तभी शिवम सेन, सत्यम सेन आये और उसको देखकर कहने लगे कि यहां क्यों खड़ा है तो उसने कहा कि घर जा रहा हूॅ इसी बात पर गाली गलोज करने लगे उसने गालियां देने से मना किया तो शिवम ने उसे कटर से मारा तो उसने वायें हाथ से रोका उसकी उंगली में चोट आयी

# ग्रामीण क्षेत्र में ट्रांसफार्मर रिप्लेसमेंट के लिए क्रेन युक्त बड़े वाहन की योजना पर विचार-नीरज मंडलोई

## ऊर्जा विभाग और भारतीय किसान संघ की बैठक आयोजित



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ट्रांसफार्मर रिप्लेसमेंट के लिए राजस्थान और गुजरात की तर्ज पर क्रेन युक्त बड़े वाहन के माध्यम से ट्रांसफार्मरों के परिवहन की व्यवस्था मध्यप्रदेश में लागू करने के लिए विचार किया जा रहा है। पुलिस विभाग के सहयोग से बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए भी काम किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को 10 घंटे और आबादी को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना राज्य शासन का संकल्प है और इसकी पूर्ति के लिए राज्य शासन कृत-संकल्पित है। यह बात श्री मंडलोई ने आज भोपाल में भारतीय किसान संघ की मध्यप्रदेश इकाई के साथ आयोजित बैठक में कही। इस अवसर पर पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री अनय द्विवेदी, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल, निदेशक (वाणिज्य) श्री सुधीर कुमार श्रीवास्तव, निदेशक (तकनीकी) श्री डी.पी.एस.यादव, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) श्री मेहताब सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (भोपाल क्षेत्र) श्री अमृतपाल सिंह, मुख्य अभियंता (इंदौर क्षेत्र) श्री सीताराम बमनके, मुख्य अभियंता (उज्जैन क्षेत्र) श्री बी.एल.चौहान, मुख्य अभियंता (जबलपुर क्षेत्र) श्री के.एल.वर्मा एवं भारतीय किसान संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री महेश चौधरी, प्रदेश महामंत्री श्री चंद्रकांत गौर तथा अन्य पदाधिकारीगण सर्वश्री दयाराम पाटीदार, श्री भूपेन्द्रमणि अग्निहोत्री, श्री गोवर्धन पाटीदार, श्री दामोदर पटेल, श्री अनिरूद्ध सिंह, श्री अंकित मालवीय, श्री मयंक श्रीवास्तव, श्री नवल पटेल, श्री रामनारायण तेजरा, डॉ. अश्वनी मेहर, श्री अखिलेख मीणा सहित कंपनी के सभी संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई ने कहा कि ट्रांसफार्मर रिप्लेसमेंट की वरीयता सूची वेबसाइट के साथ-साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी प्रेषित करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक उपभोक्ता की ई-केवायसी करने के लिए पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं की ई-केवायसी सुगमता से हो सके इसके लिए एमपी ऑनलाइन से भी संपर्क कर नई व्यवस्था बनाई जाएगी। बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव ने भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के माध्यम से किसानों से अपील की कि उपभोक्ता अस्थाई कनेक्शन का चार्ज अथवा अपने नियमित बिजली बिल की राशि का भुगतान कंपनी के अधिकृत कैश काउंटर अथवा ऑनलाइन माध्यम से ही जमा कराएं। किसी भी हालत में अनधिकृत व्यक्ति को बिजली बिल का भुगतान नहीं करें।

श्री मंडलोई ने बिजली चोरी की रोकथाम के लिए किसान संघ के प्रतिनिधियों के माध्यम से प्रदेश के लोगों से आग्रह किया कि वे बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने में सहयोग करें तथा आरडीएसएस एवं अन्य योजनाओं के तहत निर्माणाधीन विद्युतीय कार्यों में सहयोग प्रदान करें। बैठक के दौरान किसान संघ के प्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपें जिस पर अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई ने शीघ्र ही उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री अनय द्विवेदी ने कहा कि जबलपुर, सागर एवं रीवा संभाग में कृषि और गैर कृषि उपभोक्ताओं के लोड गणना की कार्यवाही पारदर्शी ढंग से संपन्न की गई है। यदि किसी उपभोक्ता को लोड गणना के संबंध में कोई शिकायत है तो वह टोल फ्री नंबर 1912 पर शिकायत दर्ज कराकर अपने कृषि पम्प अथवा परिसर की पुनः लोड गणना करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर के संबंध में उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है और स्मार्ट मीटर की शुद्धता पर स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं के परिसर में स्थापित किये जाने हेतु जो भी स्मार्ट मीटर भेजे जा रहे हैं वे शत-प्रतिशत कंपनी की प्रयोगशाला में जॉच के उपरांत ही भेजे जा रहे हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने बैठक के दौरान स्पष्ट किया कि कंपनी कार्यक्षेत्र में ग्रामीण कृषि उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में स्थायी कृषि पंप कनेक्शन उपलब्ध कराये जा रहे हैं और सरल संयोजन पोर्टल में उपभोक्ता का नवीन कृषि पम्प कनेक्शन का फार्म भरने की कार्यवाही भी कंपनी के मैदानी अधिकारी द्वारा नियमानुसार की जा रही है। इसके साथ ही मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र में एमपी ऑनलाइन के माध्यम से उपभोक्ताओं की ई-केवायसी कराने की प्रक्रिया जल्दी शुरू की जाएगी। कंपनी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वृत्त स्तर पर एडवांस में ट्रांसफार्मर रखे गये हैं, ताकि ट्रांसफार्मर रिप्लेसमेंट जल्दी हो सके।

दो वार्डों के निरीक्षण के दौरान 2 दुकानों के लायसेंस नवीनीकरण नहीं पाये गए - नवीनीकरण कराने के मौके पर दिये निर्देश

# किरायेदारी एवं भवनों का सत्यापन कार्य तेज - निगमायुक्त प्रीति यादव

## सोमवार से संभागवार किरायेदारी तथा लायसेंस निरीक्षण अभियान चलाया जायेगा




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) किरायेदारी और दुकानों के सत्यापन कार्यो के दौरान आज राजस्व और बाजार विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। उपायुक्त पी.एन. सनखेरे ने बताया कि नगर निगम की राजस्व में वृद्धि करने तथा शहरी क्षेत्रों के मकानों का सही माप कर गणना करने तथा उस हिसाब से बकाया करों की वसूली के लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा लगातार राजस्व विभाग के साथ समीक्षा कर निर्देश दिये जा रहे हैं। इसके लिए निगमायुक्त द्वारा संभागवार एवं वार्डवार किरायेदारों की जानकारी भी एकत्रित कराई जा रही है, ताकि राजस्व निकार्ड में सभी चीजें सही तरीके से दर्ज किया जा सके। मकानों का सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार राजस्व वसूली में वृद्धि हेतु विगत 04 माह से वार्डों में किरायेदारी तथा एरिया सुधार किये जाने लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आज राजस्व मुख्यालय टीम से उपायुक्त राजस्व पी. एन. सनखेरे एवं सहायक राजस्व निरीक्षक रूपेश कुमार रजक, श्रीमती अपर्णा शुक्ला एवं सुश्री निशा टेकाम द्वारा संभाग 10 राँझी अंतर्गत वार्ड लाला लाजपत राय वार्ड में समदड़िया काम्प्लेक्स के आस-पास 15 मकानों एवं दुकानों का लायसेंस एवं किरायेदारी निरीक्षण किया गया, जिसमें सम्पत्तिकर सही जमा होना पाया गया, परन्तु 2 दुकाने सम्पत्ति आई.डी. 1000592657 में व्यापारिक लायसेंस का लेडी ब्यूटी पार्लर एवं शिवशंकर वेल्डिंग का नवीनीकरण नहीं पाया गया, निरीक्षण के दौरान ही संबंधित लायसेंस निरीक्षक को दोनों दुकानों के लायसेंस का नवीनीकरण कर अवगत कराने के निर्देश दिये गए। इसके पश्चात संभाग क्रमांक 11 राजागोकुलदास धर्मशाला के अंतर्गत सुभाष चन्द्र बैनर्जी वार्ड का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में 5 दुकाने एवं 1 मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में किरायेदारी सही पाई गयी। उन्होंने बताया कि सोमवार से संभागवार किरायेदारी तथा लायसेंस का निरीक्षण अभियान चलाया जायेगा। कार्यवाही के समय राजस्व विभाग की टीम आदि उपस्थित रही।

# वृहत महाकाली धाम में 21 को सुंदरकांड_22 भंडारे का आयोजन



_जबलपुर(नगर प्रतिनिधि) अयोध्या में भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के 22 जनवरी को एक साल पूरे होने पर नगर में विविध धार्मिक आयोजन किए जा रहे है। इसी श्रृंखला में_श्री वृहत महाकाली उत्सव समिति काली धाम गढ़ा फाटक द्वारा 21 जनवरी मंगलवार को _मंदिर प्रांगण में रात्रि 8 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। पाठ के समापन के उपरांत अगले दिन 22 जनवरी बुधवार को दोपहर 1 बजे से भोजन प्रसादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा। महाकाली समिति द्वारा उत्सव की तैयारियां धूमधाम से की जा रही है। इस अवसर मंदिर में साज सज्जा की जाएगी। दीप प्रज्जवलित कर दीप उत्सव मनाया जाएगा। साथ ही मंदिर प्रागंण में पूजन अर्चन भी होगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे से भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने और प्रसादी ग्रहण करने की अपील समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने श्रद्धालुओं से की है।

# आत्मीयता विस्तार सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ संपन्न







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी द्वारा अपने परिजनों को जितना प्यार बनता है वह शायद ही कोई और बांट सके। किसी प्यार में सरकार से आज करोड़ों लोग गायत्री परिवार से जुड़ते हुए चले जा रहे हैं। इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए गायत्री शक्तिपीठ, जबलपुर द्वारा अपने यहां वार्षिक मिलन कार्यक्रम के रूप में सभी परिजनों को एकत्रित कर आत्मीयता विस्तार सम्मेलन मैं हर उम्र के लोगों का ध्यान रखते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । श्रीराम वन, लम्हेटाघाट में खेलकूद महोत्सव के क्रम में जहां बच्चों ने टॉफी चम्मच- जलेबी दौड़ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं युवा एवं वरिष्ठ महिलाओं ने कुर्सी दौड़, भाइयों ने कबड्डी के क्रम में अपने कौशल का प्रदर्शन किया ! कार्यक्रम में 60 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ परिजनों ने रस्सा खींच प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जो पूरे कार्यक्रम का आकर्षण का केंद्र बना । ज्ञात हो कि जुलाई माह में मां नर्मदा तट, लम्हेटाघाट में डॉ. चिन्मय पंड्या जी की गरिमामयी उपस्थिति में 5000 पेड़ गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा लगाए गए थे, उनका भली भांति संरक्षण किया जा रहा है । मशाल मैराथन में सभी वर्ग के भाई बहनों ने भाग लेकर 32 एकड़ के पूरे श्रीराम वन का चक्कर पूरा किया ! कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती सावित्री केशव प्रसाद मालवीय द्वारा मशाल पूजन कर किया गया ! कार्यक्रम संचालन श्री प्रेमशंकर तिवारी जी ने किया, खेलकूद प्रतियोगिता संचालन श्रीमती वंदना राजपूत, श्रीमती निशा शर्मा, सुश्री पूनम सोनी द्वारा किया गया । मुख्य ट्रस्टी श्री बी.बी. शर्मा जी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया । मां भगवती के भंडारे में उपस्थित परिजनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# ट्रांसको प्रीमियर लीग 2025- इकबाल खान की दमदार बल्लेबाजी तथा 3 कैच ने वारियर्स की जीत सुनिश्चित की



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के मुख्यालय जबलपुर में अंतर विभागीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत स्थानीय पांडु ताल स्टेडियम में खेली जा रही ट्रांसको प्रीमियर क्रिकेट लीग 2025 में मैन आफ द मैच इकबाल खान की करिश्माई बैटिंग तथा 3 जबरदस्त कैच की बदौलत वॉरियर्स ने अपना मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया।

पहले खेलते हुए राइडर्स टीम अमीन के 24 रन की मदद से 71 रन बनाने में सफल रही। इकबाल खान ने जबरदस्त क्षेत्ररक्षण का नमूना पेश करते हुए तीन आकर्षक कैच लपके। जवाब में कप्तान इकबाल खान के तेजी से बने दमदार रनों की बदौलत वारियर्स ने 8 वें ओवर में ही तीन विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।

दूसरे मैच में स्ट्राइक्र्स ने सुपर किंग्स को 10 विकेट से हराया। पहले खेलते हुए सुपरकिंग्स 10 ओवर में 50 रन का मामूली स्कोर खड़ा कर सके। हालांकि मयंक जैन ने संघर्ष पूर्ण 27 रन बनाए। योगेश ने 4 विकेट लिए। जबाब में जीत के लिए आवश्यक रन स्ट्राइकर्स ने पांचवे ओवर में ही बिना विकेट खोकर बना लिए। प्रवीण ने चौके छक्कों की बरसात करते हुए धमाकेदार 45 रन बनाए।

महिला वर्ग के मैच में पावर स्मैशर्स ने पावर एंजिल्स को 08 विकेट से हराया। पहले खेलते हुए पावर एंजिल्स ने 9 ओवर में 04 विकेट खोकर 44 रन का स्कोर खड़ा किया। मोनिका ने संघर्ष पूर्ण 12 रन बनाए। जबाव में अन्नू के 22 रन की बदौलत पावर स्मैशर्स ने दो विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। आज सभी वर्गों के फाइनल मुकाबले खेले जायेगें।

# कलेक्टर से नव निर्मित भवन रांझी तहसील में अधिवक्ताओं को बैठने के लिए शेड एवं अन्य सुविधाओं के लिए चर्चा की गई



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) रांझी तहसील अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष जगदीश प्रकाश टीटू के नेतृत्व में जिला कलेक्टर जबलपुर से नव निर्मित भवन रांझी तहसील में अधिवक्ताओं को बैठने के लिए शेड एवं अन्य सुविधाओं के लिए चर्चा की गई। जिला कलेक्टर महोदय ने तत्काल एसडीएम रांझी को इस संबंध में अवगत कराया और तत्काल शेड के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए । टीटू के द्वारा एसडीएम महोदय से संपर्क करने पर एसडीएम रांझी के द्वारा मंगलवार को इस संबंध में कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है इस अवसर पर रांझी तहसील अधिवक्ता मंच के उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा ,सचिव बृजेंद्र सिंह बघेल, एस पी गौतम,प्रह्लाद चौधरी, संदल बाजपेई अधिवक्ता उपस्थित रहे हैं।

# जबलपुर में मकर संक्रांति और लोहड़ी पर भव्य माता की चौकी का आयोजन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) मकर संक्रांति, लोहड़ी और श्री शैल भवन के शुभारंभ के उपलक्ष्य में जबलपुर में भव्य माता की चौकी का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व श्रीमती सरला देवी और गुप्ता व बेदी परिवार ने किया। कार्यक्रम का आयोजन होटल नर्मदा जंक्शन में किया गया, जो श्रद्धालुओं और शहर के प्रतिष्ठित लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना।

सितारों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को बनाया खास

माता की चौकी में बॉलीवुड की कई मशहूर हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे कार्यक्रम और भी खास हो गया। उपस्थित सितारों में प्रमुख नाम थे- मंदाकिनी भाग्यश्री तनुश्री दत्ता मोनिका बेदी पूनम ढिल्लों लेडी मनोज कुमार (दीपू शर्मा) आसमा शेख इन कलाकारों ने अपनी उपस्थिति से आयोजन को चार चांद लगा दिए। भक्ति गीतों से सजी संध्या-नवी मुंबई से आईं भक्ति गीतकार प्रीति पठानिया ने अपने भजन और गीतों से समां बांध दिया। उनकी मधुर प्रस्तुति ने भक्तों को आध्यात्मिक अनुभूति से भर दिया और आयोजन स्थल पर भक्ति और उल्लास का माहौल छा गया।





विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्री राकेश सिंह सहित जबलपुर की कई अन्य प्रतिष्ठित हस्तियां भी शामिल हुईं। उनकी उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ा दिया। श्रद्धा और उल्लास का संगम- माता की चौकी में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति और लोहड़ी के पावन अवसर पर एकजुट होकर भक्ति का अनुभव किया। भजन, मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों ने आयोजन स्थल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। यह आयोजन जबलपुर के सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में एक यादगार पल के रूप में दर्ज हुआ, जहां श्रद्धा, भक्ति और मनोरंजन का अनूठा संगम देखने को मिला।

# 46 वीं अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल कुश्ती प्रतियोगिता का खिताब हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप ने जीता



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में आयोजित 46 वीं अख?िल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण मण्डल कुश्ती प्रतियोगिता का ख?िताब हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप 24 अंक हासिल कर जीत लिया। प्रतियोगिता में हरियाणा के पहलवानों ने तीन स्वर्ण पदकए दो रजत पदक व तीन कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता में उपविजेता पंजाब स्टेट पावर कार्पोरेशन ल?िमि?टेड ;पीएसपीसीएलद्ध की टीम व तृतीय स्थान पर हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत मण्डल की टीम रही। दोनों टीमों ने 19.19 अंक हासिल किए लेकिन पंजाब द्वारा पदक तालिका में अध?िक स्वर्ण पदक जीतने के कारण पंजाब को उपविजेता घोष?ित किया गया। मेजबान एमपी पावर ने प्रतियोगिता में एक रजत व तीन कांस्य पदक जीते। विजेता व उपविजेता टीम को केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ताए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभ?ियंता कार्पोरेट अफेयर्स अतुल जोशीए प्रतियोगिता के आब्जर्बर बिहार पावर के संजीव कुमार ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी प्रदान की। मेजबान एमपी पावर के चार पहलवानों को मिले पदक.प्रतियोगिता में एमपी पावर के चार पहलवानों को एक रजत व तीन को कांस्य पदक मिले। एमपी पावर के संतोष द्विवेदी 92 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में पहुंचे लेकिन स्वर्ण पदक जीत नहीं पाए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

प्रतियोगिता के विस्तृत परिणाम इस प्रकार रहे.;57 किलोग्राम भार वर्गद्ध अजमेर सिंह हरियाणा प्रथमए संभाजी जाधव महावितरण महाराष्ट्र द्वितीयए राजेश सोंध?िया एमपी पावर तृतीय। ;61 किलोग्राम भार वर्गद्ध सुरेश कुमार हरियाणा प्रथमए विनोद गायकवाड़ महाराष्ट्र द्वितीयए वीरेन्द्र कुमार दुबे एमपी पावर तृतीय। ;65 किलोग्राम भार वर्गद्ध राहुल टाटा पावर प्रथमए राजकुमार वासुदेव महाराष्ट्र द्वितीयए भरत कुमार शर्मा पंजाब तृतीय। ;70 किलोग्राम भार वर्गद्ध रनवीर सिंह पंजाब प्रथमए हरेन्दर हरियाणा द्वितीयए अनंत गोपाल नागरगोजे महाराष्ट्र तृतीय। ;74 किलोग्राम भार वर्गद्ध शेर सिंह पंजाब प्रथमए सुखवीर कुमार हिमाचल प्रदेश द्वितीयए विजेन्दर हरियाणा तृतीय। ;79 किलोग्राम भार वर्गद्ध नरेन्दर पंजाब प्रथमए प्रीतम सिंह हिमाचल प्रदेश द्वितीयए श?िव कुमार हरियाणा तृतीय। ;86 किलोग्राम भार वर्गद्ध अजय चंदेल हिमाचल प्रदेश प्रथमए हनी कुमार पंजाब द्वितीयए जितेन्द्र यादव एमपी पावर व दीपक कुमार राजस्थान संयुक्त रूप से तृतीय। ;92 किलोग्राम भार वर्गद्ध बलवीर सिंह? हिमाचल प्रदेश प्रथमए संतोष द्विवेदी एमपी पावर द्वितीयए अरूण गौर हरियाणा तृतीय। ;97 किलोग्राम भार वर्गद्ध अनमोल दिगंबर गवली महाराष्ट्र प्रथमए अनिल हरियाणा द्वितीयए रिंकू राजस्थान तृतीय। ;125 किलोग्राम भार वर्गद्ध बिजेन्दर सिंह हरियाणा प्रथमए राकेश कुमार हिमाचल प्रदेश द्वितीयए प्रमोद घोरे महाराष्ट्र तृतीय।मूक बध?िर पहलवान को विशेष पुरस्कार.प्रतियोगिता में प्रतिभागी राजस्थान टीम के दिव्यांग पहलवान ;मूक बध?िरद्ध सुनील कुमार को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के रैफरी अर्जुन यादवए विश्वामित्र अवार्डी विनय प्रजापतिए देवेन्द्र उपाध्यायए चंदन चक्रवर्तीए जितेन्द्र राजपूतए मनीष सोनकर व राकेश यादव को विशेष रूप से सम्मानित किया गया और उनकी उत्कृष्ट रैफरीश?िप की सराहना प्रतियोगिता की सभी प्रतिभागी टीमों द्वारा की गई। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के निवृतमान कार्यालय प्रभारी एनबी क्षत्रीय को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समापन समारोह का संचालन जयवंत वामन खारपाटे ने किया।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना शहपुरा में कैलाश चौधरी उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम रमखिरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि खेती किसानी करता है उसके गांव के बबलू चौधरी एवं राजेश चौधरी रिश्ते में उसके चाचा लगते हैं जिनसे उसका जमीन के कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है आज लगभग 11-30 बजे अपने पिता भूरेलाल चौधरी के साथ खेत में था तभी रिश्ते के चाचा बबलू एवं राजेश चौधरी आये और पास के खेत में ट्रेक्टर चला रहे ओमकार चौधरी से उसके खेत में ट्रेक्टर चलाने बोले तो उसने दोनों से कहा कि मेरे खेत मे ट्रेक्टर मत चलवाओ तो दोनों



**मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना के शिविर में हितग्राहियों में दिखा उत्साह - निगम प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना भी की**

# डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन वार्ड के शिविरों में हित लाभ पाकर हितग्राहियों के चेहरे खिले

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना के शिविरों में सभी पात्र हितग्राहियों के द्वारा बढ़चढ़कर भाग लिया जा रहा है और नगर निगम के संभागों में आयोजित शिविरों के माध्यम से हितग्राही लाभांवित भी हो रहे हैं। शासन की योजनाओं का लाभ पाकर हितग्राहियों के चेहरों पर अलग मुश्कान दिखाई दे रही है। गत दिवस संभाग क्रमांक 8 भानतलैया के डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन वार्ड में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्रीय पार्षद




श्रीमती माधुरी सोनकर द्वारा अधिकारियों के साथ सैंकड़ो हितग्राहियों को शासन की योजनों का लाभ प्रदान किया गया। लाभ पाने के उपरांत सभी हितग्राहियों के चेहरे खिल उठे। शिविर के संबंध में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव एवं अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में पात्रता पर्ची वितरण, पेंशन योजना, आयुष्मान कार्ड, पी.एम. स्वनिधि, लाड़ली लक्ष्मी योजना, मातृ वंदना योजना, जिला व्यापारी योजना के साथ-साथ राशन पर्ची एवं पेंशन स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती माधुरी सोनकर, संभागीय अधिकारी मोहित नागर, राजस्व निरीक्षक देवनाथ राठौर, योजना लिपिक पवन सक्सेना, सहायक राजस्व निरीक्षक श्रीमती अभ्या सिंह, वार्ड प्रभारी संदीप साहू, रामेश्वर दुबे, राजेन्द्र सोनी, अरविंद सिंह, संजय चतुर्वेदी, अंकित चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# ऑल इंडिया लीनेस क्लब द्वारा गरीब महिलाओं के लिए कंबल वितरण किए गए




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। लीनेस जबलपुर नर्मदा श्रू -1संपदा द्वारा प्रासुतीका ग्रह में गरीब महिलाओं के लिए कंबल वितरण किए गए जिसमें सूतिका ग्रह से अध्यक्ष श्रीमती डॉ समिधा पॉल,सेक्रेटरी श्रीमती डॉ शुभांगी गुप्ता कार्यवाहक ऊषा अग्रवाल की विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम को आयोजित किया गया एवं विशेष उपस्थिति एक्जीक्यूटिव ऑफिसर श्रीमती मंगला सिंघई एरिया ऑफिसर श्रीमती सुनीता जाटव जी की रही जिसमें अध्यक्ष श्रीमती मौली जैन सचिव श्रीमती अर्चना साहू सह कोषाध्यक्ष श्रीमतीअरुणा विश्वकर्मा जी रहे




# IRITM लखनऊ से आए 12 प्रशिक्षु अधिकारियों को जबलपुर मंडल में दी गई फील्ड ट्रेनिंग

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज जबलपुर मंडल कार्यालय के सभागार में मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल कुमार तलरेजा के नेतृत्व में आईआरआईटीएम लखनऊ से आए हुए 12 प्रशिक्षु अधिकारियों की जबलपुर मंडल में तीन दिनों की फील्ड ट्रेनिंग के लिए आए जिनको मंडल के उच्च अधिकारियों के द्वारा ट्रेनिंग दी गई जिसमें मंडल रेल प्रबंधक ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को रेलवे की जानकारी देते हुए फील्ड ट्रेनिंग के साथ-साथ अधिकारियों की कार्यप्रणाली एवं इंडियन रेलवे के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसी के साथ ही सभी 12 प्रशिक्षु अधिकारियों ने मंडल रेल प्रबंधक महोदय को अपना परिचय देते हुए उच्च अधिकारियों से कुछ प्रश्नों के बारे में जानकारी हासिल की एवं सभी उच्च अधिकारियों जैसे अपर मंडल रेल प्रबंधक सीनियर डीसीएम एवं सीनियर डीपीओ के साथ ही उच्च अधिकारियों ने अपने विचारों को साझा करते हुए, इंडियन रेलवे के वाणिज्य, परिचालन, कार्मिक, लेखा, इंजीनियरिंग विभाग एवं रेलवे के विभिन्न पदों के प्रति महत्वपूर्ण जानकारी को साझा किया साथ ही साथ नये अधिकारियों की रेलवे के प्रति क्या जिम्मेदारियां रहती हैं इसकी जानकारी साझा की गई। इस ट्रेनिंग में मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने रेलवे की जानकारी प्रदान करते हुए रेलवे ट्रैक के साथ ही बहुत सी महत्वपूर्ण जानकारियां सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को दी । इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री आनंद कुमार, सीनियर डीसीएम डॉक्टर मधुर वर्मा, सीनियर डीपीओ श्री सुबोध विश्वकर्मा, सीनियर डीसीएम 2 श्री शशांक गुप्ता, सीनियर डीएफएम श्री रजनीकांत साहू एवं डीओएम श्री रवि प्रकाश वर्मा भी उपस्थित थे।

# रांगेय राघव जयंती पर काव्य गोष्ठी आयोजित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सेठ गोविंद दास हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय में श्री डी.के.शुक्ला राजभाषा अधिकारी एवं सहायक कार्मिक अधिकारी (यांत्रिक) की अध्यक्षता में तथा ख्यातिप्राप्त साहित्यकार श्री उमेश ओज़, के मुख्य आतिथ्य तथा कवियित्री डॉ.भावना दीक्षित के आतिथ्य में हिंदी साहित्य जगत के महान साहित्यकार रांगेय राघव जी की जयंती मनाई गई। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ, अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि तथा अतिथि द्वारा रांगेय राघव जी के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। सर्वप्रथम अध्यक्ष का स्वागत किशोर कुमार साहू-वरिष्ठ अनुवादक द्वारा पुष्प देकर किया। ततपश्चात अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि व अतिथि का स्वागत पुष्प के माध्यम से किया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अनुवादक किशोर कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम अध्यक्ष व राजभाषा अधिकारी श्री डी.के.शुक्ला ने अपने उदबोधन में महान साहित्यकार रांगेय राघव जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि वह रांगेय राघव जी आधुनिक हिंदी साहित्य के प्रेमचंदोत्तर कालीन लेखन परंपरा के विलक्षण कथाकार, उपन्यासकार, कहानीकार, निबंधकार, आलोचक, नाटककार, कवि, इतिहासवेत्ता तथा रिपोर्ताज लेखक माने जाते हैं। वहहिंदी के विशिष्ट और बहुमुखी प्रतिभा वाले रचनाकारों में से हैं। वह बहुत ही कम उम्र लेकर इस संसार में आए, लेकिन जिन्होंने अल्पायु में ही अपने रचनात्मक कौशल से हिंदी की महान सृजनशीलता के दर्शन करा दिए जिन्होंने अहिंदी भाषी होते हुए भी हिंदी साहित्य जगत को कई अनुपम रचनाएँ दी हैं। वहीं हिंदी साहित्य की सभी विधाओं में अपनी लेखनी के माध्यम से हिंदी जगत में अपना एक विशिष्ठ स्थान बनाया है। उन्होंने आगे कहा कि राजभाषा अधिकारी होने के नाते मैं चाहूँगा कि सभी राजभाषा नियमों का पालन करें तथा न केवल अपना कार्यालयीन कार्य राजभाषा में करें बल्कि इस हेतु अपने साथियों को भी प्रेरित करें।। मुख्य अतिथि व साहित्यकार श्री उमेश ओज ने रांगेय राघवजी की कुछ रचनाओं का सार बताते हुए कहा कि राघवजी सिर्फ़ साहित्यकार ही नही , बल्कि एक दार्शनिक और शोधकर्ता भी थे। उनके विचार मात्र किसी वाद से बंधे न होकर मानवीय संवेदना से सीधे संपर्क बनाते थे । साथ ही साथ वे हर तरह जड़वादिता और रूढीवाद के विरुद्ध संघर्ष करते रहे । राघव जी ने अल्पायु में भी विपुल साहित्य रचना की । अतिथि डॉ.भावना दीक्षित ने बताया कि राघव जी काफ़ी लंबे अरसे तक प्रगतिशील आंदोलनों के प्रमुख सूत्रधार रहे। अपने संक्षिप्त साहित्यिक जीवन में




150 के लगभग साहित्यिक कृतियाँ प्रदान कर गए हैं। कविता, कहानी, उपन्यास, आलोचना, इतिहास और कला आदि विषयों से सम्बन्धित आपकी अनेक महत्त्वपूर्ण कृतियाँ इनमें शामिल हैं। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में मुख्य अतिथि श्री ओज़ ने अपनी दो प्रसिद्ध कविताओं का वाचन किया जिस पर करतल ध्वनि से पूरा हॉल गुंजायमान हो गया। ततपश्चात अतिथि डॉ.दीक्षितजी ने राघव जी पर केंद्रित अपनी बहुत ही प्यारी कविता सुनाई। जिसकी सभी ने खुलकर सराहना की। ततपश्चात होम्योपैथी चिकित्सक डॉ अलकेश खत्री ने अपनी कविता का पाठ किया। उसके बाद कर्मचारी पीयूष चौबे द्वारा अपनी कविता का पाठ किया गया। जिनकी कविताओं का श्रोताओं ने आनंद लिया। अध्यक्ष ने शॉल ओढ़ाकर व पुस्तक भेंट कर मुख्य अतिथि व अतिथि दोनों का सम्मान किया। साथ ही डॉ अलकेश खत्री व पीयूष चौबे का सम्मान पुस्तक भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के लगभग 30 कर्मचारी उपस्थित रहे।

अंत में किशोर कुमार साहू ने अध्यक्ष की अनुमति से धन्यवाद ज्ञापन व कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

# तीन दिवसीय वृहत जैन महोत्सव





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर आनंद नगर अधारताल एवं श्री विद्या सुधारत्न दिगंबर जैन पाठशाला के स्थापना दिवस के अवसर पर अरुण जैन शास्त्री के सानिध्य में जैन मंदिर में दिनांक 21-22 -23 जनवरी 2025 को द्रव्य संग्रह महोत्सव के रूप में त्रिदिवसीय कार्यक्रम होगा जिसमें दिनांक 23 तारीख को प्रात: काल सभी जिन प्रतिमाओं का महामस्तकाभिषेक एवं शांति धारा पूजन संपन्न होगी तत्पश्चात् तीन दिन तक प्रतिदिन रात्रि 7-30 से 9-00 बजे तक शोध आलेख संगोष्ठी ग्रंथ कंठस्तीकरण एवं शस्त्र चर्चा आयोजित होगी।

इस कार्यक्रम में संरक्षक निशिद जैन अशोक जैन नवल जैन सुभाष जी बड़कुल मंदिर के अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन उपाध्यक्ष मनीष जैन कोषाध्यक्ष कैलाश जैन कटंगा अनिल जैन महेंद्र जैन सुनील जैन सत्येंद्र जैन मनोज जैन आदि उपस्थित रहे। पाठशाला की ओर से श्रीमती चंदा जैन रागनी जैन सुधा जैन श्रीमती आभा जैन निशा कोठारी चंचला जैन सुषमा जैन रश्मि जैन और ज्योति जैन अनीता जैन आदि ने अधिक से अधिक उपस्थिति के लिए समाज से अपील की।

## असामाजिक तत्वों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 8 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 65 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 29 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है,

# वेटरनरी छात्रों की समस्याओं को लेकर पशुपालन मंत्री से मिले एनएसयूआई पदाधिकारी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के मंत्री श्री लखन पटेल के जबलपुर आगमन पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में कंपार्टमेंट परीक्षा संबंधी प्रकरण लंबित होने एवं कुलपति अथवा विद्या परिषद द्वारा उसका समय पर निराकरण न किए जाने की शिकायत एनएसयूआई के पदाधिकारी ने प्रदेश सचिव एजाज़ अंसारी के साथ मंत्री जी को सौंपी।

विज्ञप्ति के माध्यम से एनएसयूआई के एजाज़ अंसारी ने कहा है कि नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में महू पशु चिकित्सा महाविद्यालय एवं जबलपुर पशु चिकित्सा महाविद्यालय के कई छात्रों के कंपार्टमेंट परीक्षा करवाई जाने संबंधी आवेदन लंबित हैं लेकिन कुलपति एवं विद्या परिषद उक्त शिकायतों का लंबा समय बीत जाने के बाद भी निराकरण नहीं कर सके है जबकि पूर्व में इस तरह के कई प्रकरणों पर विश्वविद्यालय के कुलपति अथवा विद्या परिषद ने विवेकपूर्ण निर्णय लेते हुए छात्रों को राहत दी है लेकिन नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान



विश्वविद्यालय जबलपुर में छात्रों की समस्याओं की निराकरण को छोड़कर वह सभी काम किया जा रहे हैं जो छात्र संबंधी नहीं है एनएसयूआई ने मंत्री श्री लखन पटेल से मुलाकात कर कुलपति को उक्त शिकायतों के शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित करने का निवेदन किया है। शिकायत सौंपते समय सैफ अली, प्रतीक गौतम, शफी खान आदि उपस्थित रहे।

## रियलमी ने दुनिया का पहला कोल्ड सेंसिटिव कलर चेंजिंग फोन रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी लॉन्च किया

मुबंई (आरएनएस) भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में अत्याधुनिक उत्पाद रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी और रियलमी बड्स वायरलेस 5 पेश किए। रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी दो इनोवेटिव मॉडलों रियलमी 14 प्रो 5जी और रियलमी 14 प्रो.5जी के साथ आ रही है। इन दोनों स्मार्टफोंस को मशहूर डेनिश डिज़ाईन स्टूडियो, वेल्योर डिज़ाईनर्स के सहयोग से बनाया गया है। इनके साथ दुनिया में पहले कोल्ड-सेंसिटिव कलर चेंजिंग स्मार्टफोंस की शुरुआत हो रही है।

इस नई रियलमी नंबर सीरीज़ का सबसे पहला स्मार्टफोन रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी है, जिसका उद्देश्य फ्लैगशिप फीचर्स को मिड-रेंज स्मार्टफोंस में लेकर आना और अत्याधुनिक डिज़ाईन, इमेजिंग एवं परफॉर्मेंस प्रदान करना है।

इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा हम अपने लेटेस्ट इनोवेशन रियलमी 14 प्रो सीरीज़ और रियलमी बड्स वायरलेस 5एएनसी लॉन्च करके बहुत उत्साहित हैं। रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाने और ग्राहकों को उद्योग के सर्वोत्तम फीचर्स प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है। ये स्मार्टफोन कोल्ड-सेंसिटिव कलर चेंजिंग टेक्नोलॉजी के साथ आने वाले दुनिया के पहले स्मार्टफोन हैं। इनमें स्नैपड्रैगन 7एस जेन 3 प्रोसेसर लगा है। अपने इन अत्याधुनिक स्मार्टफोंस के साथ हम रियलमी बड्स वायरलेस 5 एएनसी भी पेश कर रहे हैं, जो सुगम यूज़र अनुभव के लिए बेहतरीन साउंड क्वालिटी के साथ आ रहे हैं।'' रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी उद्योग में कई नई पहल करने वाली एक अत्याधुनिक डिवाईस है। इसमें दुनिया का पहला कोल्ड-सेंसिटिव कलर चेंजिंग स्मार्टफोन हैं।






## वीयू- बी वी एस सी अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह पशुपालन मंत्री लखन पटेल की उपस्थिति में संपन्न

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (एनडीवीएसयू) के इतिहास में पहली बार, पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर, पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन स्नातक (बीवीएससी एंड एएच) के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह की मेजबानी की। आज 17 जनवरी 2025 को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में 212 युवा पशु चिकित्सा स्नातकों (स्नातक करने वाले 212 विद्यार्थियों में जबलपुर और महू परिसर से 74-74 तथा रीवा परिसर से 64 विद्यार्थी ) को प्रतिष्ठित पशु चिकित्सा पेशे में औपचारिक रूप से शामिल हुये । समारोह का आयोजन पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के कॉलेज ऑडिटोरियम में संपन्न किया गया , जिसमें विश्वविद्यालय के तीन संबद्ध कॉलेजों- जबलपुर, महू और रीवा के छात्रों ने भाग लिया । यह महत्वपूर्ण कदम पशु कल्याण, सार्वजनिक स्वास्थ्य और नैतिक पशु चिकित्सा प्रथाओं के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है। यह कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री लखन पटेल जी के गरिमामयी मुख्य आतिथ्य में हुआ। विशिष्ट अतिथियों में जबलपुर के माननीय सांसद श्री आशीष दुबे और जबलपुर कैंट के माननीय विधायक श्री अशोक रोहाणी शामिल थे । भारतीय पशु चिकित्सा परिषद (वीसीआई) के अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद्र शर्मा विशेष अतिथि के रूप मे उपस्थिति रही।कार्यक्रम का आयोजन एनडीवीएसयू के माननीय कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के मार्गदर्शन और नेतृत्व में किया गया है, जो इस अग्रणी आयोजन के संरक्षक भी हैं। उनके समर्पण और दूरदर्शिता ने इस महत्वपूर्ण पहल की अवधारणा और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।औपचारिक उद्घाटन सत्र का आरम्भ सरस्वती वंदना से किया गया तत्पश्चात गणमान्य अतिथियों का प्रेरक भाषण हुआहै। पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री लखन पटेल ने विध्यालय जीवन के प्रसंगों पर छात्रों को सम्भोधित किया एवं छात्रों एवं विश्वविद्यालयों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा मैं आगे बढ़ने पर जोर दिया । तीनों महाविधालयो के अधिष्ठाता डॉ आर के शर्मा, डॉ बी पी शुक्ला एवं डॉ ऐ पी सिंह ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया 7 समारोह में बी वी एस की के डिग्री मैं प्रथम आने वालों छात्रों दीप्ति कुशवाह, निवेदिता दिवेदी एवं टीना अग्रवाल को प्रोविशनल डिग्री गणमान्य अतिथियों द्वारा प्रदान की गयी। कार्यक्रम में पशु पालकों की जानकारी हेतु विश्वविधालय द्वारा प्रकाशित पशुधन पंचांग , साथ ही छात्र छात्राओं हेतु पुस्तकें, मैन्युअल आदि का विमोचन भी मंचासिन अतिथिओं द्वारा किया गया

## बेजोड़ सुरक्षा- स्कोडा काइलैक को भारत एनसीएपी क्रैश टेस्ट में मिली 5-स्टार रेटिंग; अपने सेगमेंट में सबसे सुरक्षित कार बनी

मुबंई (आरएनएस) स्कोडा ऑटो इंडिया की पहली सब-4 मीटर एसयूवी, काइलैक ने भारत एनसीएपी (न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम) में प्रतिष्ठित 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग हासिल की है। काइलैक भारत एनसीएपी टेस्ट में भाग लेने वाली पहली स्कोडा कार बन गई है, जिसने कुशाक और स्लाविया द्वारा स्थापित सेफ्टी एक्सीलेंस की ब्रांड की विरासत को जारी रखा है। स्कोडा ऑटो इंडिया की दोनों 2.0 कारों ने वयस्क और बच्चों की सुरक्षा दोनों के लिए अपनी कैटेगरी में ग्लोबल एनसीएपी क्रैश टेस्ट में 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग हासिल की है।

स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने कहा, सुरक्षा स्कोडा के डीएनए में निहित है और 2008 सेप्रत्येक स्कोडा कार का वैश्विक स्तर पर और भारत में 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग के साथ क्रैश-टेस्ट किया जा रहा है। स्कोडा ऑटो, 5-स्टार सुरक्षा-रेटेड कारों के बेड़े के साथ भारत में कार सेफ्टी अभियान का नेतृत्व कर रहा है। हम ग्लोबल एनसीएपी टेस्ट के तहत वयस्कों और बच्चों के लिए पूरे 5-स्टार स्कोर करने वाले पहले ब्रांड हैं। अब हमारी बिल्कुल नई सब-4-मीटर एसयूवी काइलैक ने भारत एनसीएपी परीक्षण में अपने सेगमेंट में शीर्ष स्थान हासिल किया है। काइलैक व्यापक सुरक्षा प्रणालियों के साथ आती है, जिसमें मानक के रूप में छह एयरबैग्स सहित एक्टिव और पैसिवसेफ्टी फीचर्स की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। यह रेटिंग भारतीय सड़कों पर यूरोपीय टेक?नोलॉजीलाने की हमारी प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। इसमें एक मूल आधार शामिल है, जिस पर कार का निर्माण किया जाना चाहिए औरवह है सेफ्टी।

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999

भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय

# नयी दिशा की ओर ग्रामीण विकास



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# स्वामित्व योजना

अंतर्गत

## 15.63 लाख भू-अधिकार पत्रों का वितरण एवं लाभार्थियों के साथ संवाद

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

द्वारा (वर्चुअल माध्यम से)

एवं

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री

द्वारा

## विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

18 जनवरी, 2025 | दोपहर 12:30 बजे | सिवनी, मध्यप्रदेश

- स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों में 25 सितम्बर 2018 के पूर्व से रहने वाले व्यक्तियों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार प्रदान करती है।
- योजना से ग्रामीण आबादी को बैंक ऋण प्राप्त करने एवं संपत्ति का विक्रय करने में मिल रही सहायता से ग्रामीण परिवारों का सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हो रहा है।



- सभी जिलों का ड्रोन सर्वेक्षण कार्य एवं 12 जिले- भोपाल, हरदा, डिंडौरी, सीहोर, बुरहानपुर, खरगोन, कटनी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, जबलपुर एवं श्योपुर में भू-अधिकार पत्र वितरण का कार्य पूर्ण हो चुका है।
- प्रदेश में अब तक 39.63 लाख भू-अधिकार पत्रों का वितरण किया जा चुका है।

D-11161/24

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025